हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025




आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹83630/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹102140/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹111496/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply

# जैन विदा, विकासशील ने संभाली कुर्सी मंत्रालय से बाहर हुए सीनियर आईएएस

*छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया बने विकासशील ने मंगलवार को मुख्य सचिव का कार्यभार संभाल लिया। 1994 बैच के विकासशील छत्तीसगढ़ के 13वें मुख्य सचिव नियुक्त किए गए हैं। इसके पहले वे एशियन डेवलपमेंट बैंक, मनीला में कार्यकारी निदेशक के पद पर पदस्थ थे। निवृत हुए अमिताभ जैन से विकासशील ने चार्ज लिया। साय कैबिनेट की बैठक में श्री जैन को विदाई दी गई और विकासशील का स्वागत किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नए मुख्य सचिव विकाशील दिल्ली से आज ही रायपुर पहुंचे और शासन के मुखिया के तौर पर पद संभाल लिया।



इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में आज मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हो रहे 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमिताभ जैन को भावभीनी दी गई और नवनियुक्ति मुख्य सचिव विकासशील (भारतीय प्रशासनिक सेवा 1994 बैच) का स्वागत किया गया।

### सात साल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहे

विकास शील को आईएएस बनने के बाद मध्यप्रदेश कैडर मिला था। नवंबर 2000 में मध्यप्रदेश के विभाजन के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला। वे कोरिया, बिलासपुर ▸▸| शेष पेज 6 पर




### दयानंद सीएम के कार्यों पर करेंगे फोकस



मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद को सचिव जनसंपर्क विभाग के पद से मुक्त कर दिया गया है। उनसे यह पद लेने का कारण यह बताया जा रहा है कि वे अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यों पर अधिक फोकस करेंगे। मुख्यमंत्री ▸▸| शेष पेज 6 पर

### रोहित को मिला नया प्रभार



डॉ. रोहित यादव को मुख्यमंत्री के जनसंपर्क विभाग का नया सचिव बनाया गया है। श्री यादव दिल्ली में रह चुके हैं। सरकार उनके अनुभव का लाभ लेगी। वे विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार में तेजी लाने के संबंध में कार्य करेंगे। ▸▸| शेष पेज 6 पर

**जितेंदर यादव बने कलेक्टर राजनांदगांव**

## रेणु व्यापमं अध्यक्ष, सुब्रत को महानिदेशक छग प्रशासन अकादमी का जिम्मा, रोहित जनसंपर्क सचिव

नए मुख्य सचिव विकासशील के कार्यभार संभालते ही राज्य शासन ने 14 आईएएस के तबादले का आदेश जारी कर दिया। आदेश में एसीएस रैंक के दो आईएएस रेणु जी पिल्ले और सुब्रत साहू को मंत्रालय से बाहर पदस्थापना दी गई है। रेणु जी पिल्ले को अध्यक्ष व्यावसायिक परीक्षा मंडल का अध्यक्ष बनाते हुए उन्हें अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मंडल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं सुब्रत साहू से सहकारिता विभाग वापस लेते हुए उन्हें महानिदेशक छग प्रशासन अकादमी के अलावा अध्यक्ष राजस्व मंडल, बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जनसंपर्क सचिव पी दयानंद से वापस लेते हुए डॉ. रोहित यादव को सचिव जनसंपर्क ▸▸| शेष पेज 6 पर

### फेरबदल में ये हुए प्रभावित

- रेणु जी पिल्ले अध्यक्ष व्यापमं, माध्यमिक शिक्षा मंडल
- सुब्रत साहू डीजी छग प्रशासन अकादमी, अध्यक्ष राजस्व मंडल
- सोनमणि वोरा अतिरिक्त प्रभार विज्ञान एवं प्रौधोगिकी (अन्य प्रभार यथावत)
- डॉ. रोहित यादव सचिव जनसंपर्क, (अन्य प्रभार यथावत)
- अविनाश चंपावत सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व (अन्य प्रभार यथावत)
- मुकेश कुमार बंसल सचिव विमानन (अन्य प्रभार यथावत)
- अंकित आनंद सचिव आवास पर्यावरण, अध्यक्ष छग पर्यावरण संरक्षण मंडल इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, ▸▸| शेष पेज 6 पर

### राजनांदगांव कलेक्टर भूरे प्रतिनियुक्ति पर


राजनांदगांव कलेक्टर डॉ. सर्वेश वर भूरे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। मुंबई में ज्वॉइंट टेक्सटाइल कमिश्नर के पद पर उन्हें पोस्टिंग मिली है। उनका कार्यकाल 3 साल का रहेगा। प्रतिनियुक्ति के लिए राजनांदगांव कलेक्टर से रिलीव होकर मुंबई जाएंगे। राज्य शासन ने उनके स्थान पर जितेंदर यादव को कलेक्टर बनाकर भेजा है। वे कल ही ज्वाइन करेंगे।

**चिचोला-खरोरा मेन रोड पर बिक्री**

## नाबालिग से चलवा रहे अवैध शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा/सिलयारी

राजधानी रायपुर से लगे हुए धरसींवा/सिलयारी इलाके में नाबालिग की आड़ लेकर खुलेआम शराब दुकान चलाने का मामला सामने आया है। प्रकरण में हरिभूमि की टीम ने जब तफ्तीश की, तो यह तथ्य निकलकर सामने आया कि शराब बेचने के लिए बकायदा छोटा सा काउंटर भी खोल लिया गया है। पूरे मामले में पुलिस ने प्रकरण में जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।



*शराबियों को नियंत्रित करने के लिए बना लिया छोटा सा अवैध काउंटर*

हरिभूमि की टीम जब धरसींवा पहुंची, तो चिचोली-खरोरा मेन रोड पर एक दुकान में आधे बंद किए गए शटर के भीतर से अवैध रूप शराब बिक्री होने की बात यहां रहने वाले लोगों से पता चली। टीम जब ग्राहक बनकर उक्त दुकान पर पहुंची, तो देखा कि यहां करीब 15-17 साल की उम्र का एक नाबालिग छोटे से काउंटर पर शराब बेच रहा है। बातचीत में उसने बताया कि उसके पास एकमात्र ब्रांड की ही शराब है।यदि लेना है तो ज्यादा कीमत चुकानी होगी। इसके अलावा उसके पास और कोई ब्रांड नहीं है। शराब की यह अवैध दुकान सड़क से लगी हुई है।

### दबंगों की शह पर चल रहा अवैध कारोबार

*स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध रूप से चल रही शराब दुकान का संरक्षण दबंगों द्वारा किया जा रहा है। वहीं, अवैध रूप से हो रही खुलेआम शराब बिक्री के कारण यहां असामाजिक तत्वों का भी आना-जाना लगातार बढ़ रहा है।*

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

*अवैध शराब पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, पर अब इस तरह के दुकान संचालक की सूचना मीडिया से आ रही है। मैं देखता हूं, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।*

*कृष्ण कुमार कुशवाहा, थाना प्रभारी, खरोरा*

## खबर संक्षेप

### रेलवे तय समय पर पहुंचाएगा सामान



**नई दिल्ली।** रेलवे तय समय में माल पहुंचाने की गारंटी के साथ कंटेनर ट्रेन का परिचालन शुरू करने जा रहा है। दिल्ली-कोलकाता के बीच पहली पायलट कंटेनर ट्रेन एक अक्टूबर को रवाना होगी। रेल अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह ट्रेन दिल्ली के तुगलकाबाद से चलेगी। आगरा एवं कानपुर के रास्ते कोलकाता पहुंचेगी। रेलवे ने इस ट्रेन के 120 घंटे में गंतव्य तक पहुंचने की गारंटी दी है।

### बाइक की टक्कर में परिवार के 3 की मौत

**गुना।** मप्र के गुना जिले में एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसपर सवार दो महिलाओं सहित एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गंगा बाई (60), उनके बेटे हरतूम (40) और उनकी बहू रामप्यारी (41) के रूप में हुई है। यह घटना सोमवार रात रुठियाई कस्बे के पास उस समय हुई जब तीनों गंगा बाई का इलाज कराने के बाद अस्पताल से लौट रहे थे। टक्कर के कारण तीनों हवा में उछल गए और सड़क पर गिर गए। ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

### इंदौर में 'जेन जेड' की तरह आंदोलन का खुलासा

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की रैगिंग निरोधक समिति की जांच में खुलासा हुआ है कि पांच वरिष्ठ छात्रों ने कथित तौर पर नेपाल की 'जेन जेड' की तरह आंदोलन करने वाले थे। सोशल मीडिया पर विरोध प्रदर्शन शुरू करने की साजिश के तहत अपने कनिष्ठ छात्रों को जीमेल और 'एक्स' पर फर्जी खाते खोलने के लिए मजबूर किया था। कनिष्ठ छात्रों की रैगिंग और उन्हें धमकाने को लेकर भंवरकुआं पुलिस थाने में पांच वरिष्ठ छात्रों के खिलाफ शिकायत की है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता मलहोत्रा का निधन

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के पहले अध्यक्ष और पांच बार दिल्ली के सांसद रहे वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे।



उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने मल्होत्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बुधवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

**यूजीसी ने देशभर के 54 निजी विवि को भेजा है नोटिस**

## छग के जिन तीन विवि को नोटिस उनमें एक बंद होने की कगार पर एक के खिलाफ पहले ही शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने देशभर के जिन 54 निजी विश्वविद्यालयों को नोटिस भेजा है, उनमें छग के भी तीन विवि शामिल हैं। ये संस्थान सार्वजनिक स्व-प्रकटीकरण संबंधी नियमों का पालन करने में विफल रहे हैं। इस नियम के अंतर्गत विवि को स्वयं से संबंधित सभी तरह की जानकारी अपने वेबसाइट पर अपलोड करनी थी, लेकिन नियमों का पालन ना करते हुए जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा नहीं की है। जून 2024 में जारी किए गए यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सभी विश्वविद्यालयों को अपनी वेबसाइटों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करनी होगी। जानकारी आसानी से उपलब्ध होनी चाहिए और इसके लिए लॉगिन या पंजीकरण की ▸▸| शेष पेज 6 पर

- सूची में दक्षिण भारत का सिर्फ एक ही विवि अधिकतर संस्थान मध्य भारत के

### इनकी शिकायत

- देव संस्कृति विवि, सांकरा, कुम्हारी
- महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, मंगला, बिलासपुर

### जमा करने थे दस्तावेज

विश्वविद्यालयों को अपने रजिस्ट्रार कार्यालय के माध्यम से भी दस्तावेज जमा करने होते हैं। उन्हें यही जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करनी थी। ईमेल और ऑनलाइन बैठकों के माध्यम से याद दिलाने के बावजूद, कई विश्वविद्यालयों ने इसका पालन नहीं किया। यूजीसी ने चेतावनी दी है कि आगे भी कार्रवाई की जा सकती है। इसके बाद यूजीसी ने यह कदम उठाया है। यूजीसी के मुताबिक, ये दिशा-निर्देश उच्च शिक्षा में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए हैं। विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रमों, फैकल्टी, बुनियादी ढांचे, शोध गतिविधियों, प्रशासन और वित्त के बारे में जानकारी प्रदान करनी होगी। वेबसाइट में एक सर्च फीचर होना चाहिए ताकि आगंतुकों को जानकारी जल्दी मिल सके। यूजीसी का कहना है कि ये नियम छात्रों, ▸▸| शेष पेज 6 पर

### एक्शन की तैयारी

*देव संस्कृति विवि बंद होने वाला है। इसकी क्लोजिंग फाइल चल रही है। महर्षि विवि के खिलाफ कई तरह की शिकायतें मिली हैं। इसके खिलाफ एक्शन लेने शासन को लिखित में प्रस्ताव भेजा है।*

*- प्रो.वीके गोयल, अध्यक्ष निजी विवि विनियामक आयोग*

### मुख्यमंत्री ने महामाया मंदिर में की पूजा-अर्चना



बिलासपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर रतनपुर में मां महामाया का दर्शन एवं पूजन किया। उन्होंने माता की पूजा आरती कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं से मुलाकात की और नवरात्रि पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## अक्टूबर में होगी सामान्य से 15 फीसदी अधिक बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कहा कि चार महीने के मानसून मौसम के दौरान भरपूर बारिश के बाद, भारत में अक्टूबर में सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अक्टूबर में पूर्व-उत्तरपूर्व और उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, महीने के दौरान देश के अन्य क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से कम रहने की संभावना है। महापात्र ने



कहा कि देश के अधिकांश भागों में मानसून के बाद के मौसम (अक्टूबर से दिसंबर) के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर, जहां वर्षा सामान्य से लेकर सामान्य से कम होने की संभावना है। महापात्र ने कहा कि देश में अक्टूबर में वर्षा सामान्य से अधिक (75.4 मिलीमीटर के एलपीए के 115 प्रतिशत से अधिक) होने की संभावना है।

**28 से 30 नवंबर तक नवा रायपुर में आयोजन**

## छग में जुटेंगे देशभर के पुलिस महानिदेशक, नवंबर में कांफ्रेंस, शाह करेंगे शुरुआत, समापन में रहेंगे पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में पहली बार नवंबर में डीजी कांफ्रेस होगी। 28 से 30 नवंबर तक चलने वाली इस कांफ्रेंस की खास बात यह है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 नवंबर को समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले 28 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कांफ्रेस के पहले दिन हिस्सा लेंगे। बताया गया है कि यह देश की 60वीं अखिल भारतीय डीजी,आईजीपी कॉन्फ्रेंस यहां होगी। नवा रायपुर स्थित आईआईएम कैंपस में 28 से 30 नवंबर तक यह कार्यक्रम प्रस्तावित है। कांफ्रेस ▸▸| शेष पेज 6 पर





### इन मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। इसमें नक्सलवाद, पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा चुनौतियां, सीमा प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक अशांति, साइबर अपराध और सूखे नशे के खिलाफ रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पुलिसिंग को आधुनिक बनाने, नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, राज्य और केंद्र के बीच समन्वय और सूचना साझा करने पर विशेष जोर रहेगा।

### नक्सलवाद खात्मे पर रहेगा जोर

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पहले ही घोषणा कर रखी है कि अगले साल मार्च में देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। देश में अकेला छत्तीसगढ़ राज्य देश के अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों में शामिल है जहां इसका सबसे अधिक प्रभाव है। यही कारण है कि राज्य में होने वाली नक्सल वारदातों पर केंद्र की नजर भी रहती है। यहां होने वाली डीजी कांफ्रेस में नक्सलवाद के खात्मे पर चर्चा और मंथन होना तय माना जा रहा है।

### देश के सभी डीजीपी और कई वरिष्ठ अधिकारी आएंगे

**मोदी दो माह में दो रात रुकेंगे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ (नवा रायपुर) में अक्टूबर- नवंबर माह में दो रात रुकेंगे। श्री मोदी राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंने के शामिल होने के लिए 31 अक्टूबर की शाम यहां आकर रात्रि विश्राम करेंगे, अगले दिन यानि 1 नवंबर को राज्य स्थापना समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नवा रायपुर में आयोजित डीजी कांफ्रेस में शामिल होने आएंगे। बताया गया है कि प्रधानमंत्री 30 नवंबर को इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात्रि विश्राम यहीं करेंगे। यानी वे अक्टूबर और नवंबर में दो बार छत्तीसगढ़ में रात्रि विश्राम करेंगे।



## खबर संक्षेप

### अपमानित करने की मंशा साबित नहीं, शिक्षिका एट्रोसिटी एक्ट से बरी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एट्रोसिटी के प्रकरण में एक बड़ा फैसला सुनाते हुए शिक्षिका को बरी कर दिया है। फैसले में कहा गया है कि मामले में अपमानित करने की मंशा साबित नहीं होने से यह अपराध नहीं बनता। राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ की यह शिक्षिका विशेष अदालत से दोषसिद्ध होने के बाद हाईकोर्ट में अपील पर आई थी। ट्रायल कोर्ट ने 11 अप्रैल 2008 को शिक्षिका को एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(एक्स) में छह माह की सजा और 500 रुपए जुर्माने से दंडित किया था। हाईकोर्ट ने कहा है कि अभियोजन टीकमराम की अनुसूचित जाति की स्थिति को कानूनी तरीके से साबित नहीं हो पाई और ना ही यह सिद्ध हुआ कि शिक्षिका ने अपमानजनक मंशा से टिप्पणी की। ऐसे में 2008 में विशेष न्यायाधीश द्वारा दी गई सजा को रद किया जाता है। हाईकोर्ट ने पाया कि शिकायतकर्ता का जाति प्रमाण पत्र घटना के बाद और वह भी अस्थायी जारी हुआ था, जिसकी वैधता छह माह थी। गवाहों ने माना कि घटना से पहले शिक्षिका अक्सर उसी चपरासी की बनाई चाय पीती थीं और कभी भेदभाव नहीं किया गया। शिकायतकर्ता ने भी स्वीकार किया कि घटना से पहले कोई विवाद नहीं था और शिक्षिका ने पहले कभी ऐसा व्यवहार नहीं किया।**सिर्फ जाति का उल्लेख कर देना अपराध नहीं-** सारे तथ्य सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि सिर्फ जाति का उल्लेख कर देना, बिना अपमानित करने की मंशा, धारा 3(1)(एक्स) का अपराध नहीं बनता है। दरअसल 23 नवंबर 2006 को प्राथमिक स्कूल पिपरिया में पदस्थ कार्यालय सहायक टीकमराम (जाति सतनामी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि स्कूल की एक शिक्षिका ने चाय पीने से मना करते हुए जातिसूचक शब्द कहे और अपमानित किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि शिकायतकर्ता का जाति प्रमाण पत्र (एक अस्थायी प्रमाण पत्र) घटना के बाद 4 दिसंबर 2006 को जारी हुआ था, जिसकी वैधता केवल छह माह थी। कोर्ट ने कहा कि यह प्रमाण पत्र विधिसम्मत नहीं है।

### इंजीनियरिंग प्रोफेसर भी कर सकेंगे इंडस्ट्री में फेलोशिप

**रायपुर।** इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य करने वाले प्राध्यापक भी अब फेलोशिप प्रोग्राम कर सकेंगे। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन अर्थात एआईसीटीई ने इंडस्ट्री फेलोशिप प्रोग्राम की घोषणा की है। इसके तहत देशभर से 350 फैकल्टी मेंबर्स को उद्योग में काम करने का मौका मिलेगा

# दस दिन बाद भी नहीं मिली ज्वाइनिंग, हड़ताल अवधि के वेतन पर भी नहीं बनी बात

**कैबिनेट की बैठक में नहीं आया एनएचएम कर्मचारी संघ का मामला, तत्काल 5 फीसदी वेतन वृद्धि करने दिया गया था आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महीनेभर के आंदोलन के बाद हड़ताल समाप्त करने वाले एनएचएम के बर्खास्त कर्मचारियों को विभाग में वापस ज्वाइनिंग नहीं मिल पाई है। इसके अलावा उनके हड़ताल अवधि की कार्रवाई को शून्य करते हुए वेतन जारी करने पर भी बात नहीं है। कर्मचारियों को कैबिनेट की बैठक में मामला लाने का इंतजार था, जिस पर उन्हें मायूसी हाथ लगी है। कर्मचारियों को हड़ताल समाप्त करने के दौरान 5 फीसदी वेतन वृद्धि का आश्वासन दिया गया था जो अधूरा है।

### 25 कर्मचारियों की बर्खास्तगी वापस नहीं

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल 20 सितंबर को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की कोशिशों के बाद समाप्त हुई थी। इस दौरान कर्मचारियों को आश्वासन मिला था हड़ताल के दौरान जिन कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया था और जिनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई थी उसे वापस लिया जाएगा। सामान्य कर्मचारियों ने अपनी ड्युटी संभाल ली मगर 25 कर्मचारियों की बर्खास्तगी वापस नहीं होने के कारण वे ड्युटी पर आज तक वापस नहीं लौट पाए हैं।


फाइल फोटो

**मामले में किसी तरह का फैसला नहीं आया**

कर्मचारियों को इस बात की आस थी कि मंगलवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में उनके मामले पर फैसला लिया जाएगा। उनका मामला बैठक में नहीं आने से समस्या बरकरार है। कर्मचारियों का कहना है हड़ताल समाप्ति के दौरान उन्हें इस बात का आश्वासन भी दिया गया था कि उनके वेतन में 5 प्रतिशत का इजाफा किया जाएगा। इसके अलावा महीनेभर की हड़ताल अवधि की कार्रवाई को शून्य करते हुए उन्हें वेतन प्रदान किया जाएगा। इस मामले में भी अब तक किसी तरह का फैसला नहीं आया है।

### त्योहार फीका होगा

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डा. अमित मिरी एवं प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि ओर अन्य विभाग के कर्मचारियों को बोनस दिया जा रहा है। वहीं एनएचएम कर्मचारियों के 33 दिन का वेतन काटने का आदेश उनकी त्योहारी खुशियों को फीका कर रहा है। हड़ताल स्थगन के 10 दिन बाद भी 6 मांगों पर आदेश जारी न होना कर्मचारियों में गहरा असंतोष पैदा कर रहा है। वेतन में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर भी आश्वासन के बाद अन्य तरह की विभागीय कार्रवाई नहीं हुई है।

### नई भर्ती की दी गई थी चेतावनी

हड़ताल समाप्ति के लिए कई स्तर पर प्रयास होने के बाद भी सफलता नहीं मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री ने कड़ा रुख अख्तियार किया था। इस दौरान कर्मचारियों तत्काल काम पर लौटने नहीं तो सामूहिक बर्खास्तगी के साथ नयी भर्ती की चेतावनी दी थी। इस दौरान कर्मचारियों के काम पर वापस लौटने पर उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन भी दिया गया था। इस आदेश के बाद कर्मचारियों की उच्चस्तरीय बैठक में हड़ताल स्थगित करने का फैसला लिया गया था।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट, नए सीएस विकासशील का स्वागत,जैन की विदाई**

# सरकारी सेवकों को अब मिल सकेगा अल्पावधि ऋण, स्कूलों में स्पेशल एजूकेटर की होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राज्य में अब शासकीय सेवकों को अल्पावधि ऋण मिल सकेगा। वहीं राज्य के सरकारी स्कूलों में सौ स्पेशल एजूकेटरों की भर्ती होगी। इसके साथ ही कैबिनेट ने राज्य के नए मुख्य सचिव का स्वागत किया और सेवानिवृत्त मुख्य सचिव अमिताभ जैन को विदाई दी गई। मंत्रिपरिषद की बैठक में शासकीय सेवकों की आकस्मिक वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से वेतन के विरुद्ध अल्पावधि ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में बैंकों या वित्तीय संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस संबंध में आगे की कार्यवाही के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है। वित्त विभाग द्वारा प्रक्रिया में पात्र पाए जाने वाले बैंक/वित्तीय संस्था से संपादित किए जाने वाले एमओयू के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया।



### दिव्यांगों के हक में ये फैसला

दिव्यांगजनों के हित में एक बड़ा निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम (एनडीएफडीसी) की बकाया ऋण राशि रुपये 24 करोड़, 50लाख, पांच हजार, 457 रुपए एकमुश्त वापस किये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के द्वारा राज्य के दिव्यांगजनों को स्वरोजगार और शिक्षा के लिए न्यूनतम 3 प्रतिशत ब्याज की दर से ऋण दिया किया जाता है।

### विकासशील का स्वागत, जैन की विदाई

मंत्रिपरिषद की बैठक में आज मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हो रहे 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमिताभ जैन को भावभीनी दी गई और नवनियुक्ति मुख्य सचिव विकासशील (भारतीय प्रशासनिक सेवा 1994 बैच) का स्वागत किया गया।

### सौ एजूकेटरों की होगी भर्ती

मंत्रिपरिषद द्वारा स्पेशल एजूकेटर के पदों पर सीधी भर्ती के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती एवं पदोन्नति नियम-2019 के प्रावधानों में एक बार के लिये छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि वित्त विभाग द्वारा शिक्षा विभाग को राज्य में 100 स्पेशल एजुकेटर की भर्ती की अनुमति दी गई है। शिक्षा विभाग के भर्ती नियम-2019 को शिथिल करते हुए स्पेशल एजुकेटर के पदों पर सीधी भर्ती चयन परीक्षा के स्थान पर एक बार मेरिट के आधार पर करने का अनुमोदन किया गया।

## यूपी के तीन फेरीवाले नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले से 45 दिन से लापता

**जगदलपुर।** नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के अलग अलग इलाके से पिछले 45 दिन में तीन फेरीवालों के लापता होने की खबर है। फेरीवाले उतरप्रदेश के रहने वाले है जो बीजापुर जिले में कपड़े, कबंल व तिरपाल बेचने के लिए आए हुए थे।



जानकारी के मुताबिक उत्तरप्रदेश से बीजापुर आए तीन युवक बीजापुर जिले में गांव गांव घूमकर कपड़े बेचने के लिए आए हुए थे। तीनों युवकों के बीजापुर के अलग अलग इलाके से उनके साथी और परिजन परेशान है और उनकी तलाश में दर दर भटक रहे हैं। लापता तीन लोगों में से दो लोगों को गायब हुए करीब 45 दिन हो गए है जबकि तीसरे व्यक्ति को गायब हुए 15 दिन हो गए हैं। तीनों युवकों के नक्सलियों द्वारा अपहरण करने की भी आशंका जताई जा रही क्योंकि ये तीनों नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों से उस समय गायब हुए हैं। जब ये कपड़े, कम्बल और तिरपाल बेचने उस इलाके में आए हुए थे। बताया जा रहा है कि इन युवकों में उत्तरप्रदेश निवासी अल्ताप और शोएब 45 दिन पहले कम्बल और तिरपाल लेकर बासागुड़ा के पूसबाका इलाके में गए हुए थे।

### परिजनों ने लगाई गुहार

आशंका जताई जा रही है कि अंदरूनी इलाके में जाने से नक्सलियों ने शंका के आधार पर इन तीनों का अपहरण कर लिया होगा। तीनों के लापता होने के बाद से उनके साथी और परिजन काफी परेशान है और उनकी तलाश कर रहे हैं। दूसरी ओर साथियों और परिजनों ने नक्सलियों से अपील की है कि अगर ये तीनों उनके पास हैं तो वो उन्हें रिहा कर दें क्योंकि वो लोग जीवनयापन के लिए उत्तरप्रदेश से बीजापुर आये थे।

## भुनेश्वर हत्या मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की, 18 लोगों को बनाया आरोपी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के ग्राम बिरानपुर में भुनेश्वर साहू हत्याकांड के मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में 18 लोगों को आरोपी बनाया है। प्रारंभिक जांच में इस मामले में 12 लोगों को आरोपी बनाया गया था, लेकिन घटना में 6 और लोगों को संलिप्त पाया है, जिसके बाद उनके नाम भी इस हत्याकांड में जोड़ते हुए चार्जशीट दाखिल की है।

ग्राम बिरानपुर में यह घटना 8 अप्रैल 2023 में हुई थी। इस घटना में भुनेश्वर साहू और उनके साथियों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हमला किया था। सीबीआई की जांच में पाया गया था कि बैठक के दौरान अचानक हमला किया गया था और हमलावर भुनेश्वर साहू को मस्जिद की ओर खींचकर लेकर गए थे। इस हमले में गंभीर चोटें आने के कारण उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। सीबीआई ने जांच में पूर्व में 12 लोगों को आरोपी बनाया था, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, इसमें और 6 लोगों को इस घटना में शामिल होना पाया। इन सभी पर हत्या, हत्या के प्रयास, दंगा, साजिश और सार्वजनिक शांति भंग करने के आरोप हैं। चार्जशीट में फोरेंसिक सबूत, सीसीटीवी फूटेज और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट शामिल हैं।

**सभी आरोपियों पर हत्या, हत्या के प्रयास, दंगा, साजिश और सार्वजनिक शांति भंग करने के आरोप**

इस घटना में कई अन्य लोग भी घायल हुए थे, जिनमें पुलिसकर्मी और गांव के लोग शामिल हैं। यह मामला अब रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## केंद्रीय जांच एजेंसी पर कांग्रेस नेता हेमंत चंद्राकर ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में कोयला, शराब घोटाला एवं महादेव सट्टा एप मामले में जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी के एक अफसर पर कांग्रेस नेता हेमंत चंद्राकर ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अफसर पर पूछताछ के दौरान मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने तथा घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके करीबियों पर कमीशन लेने की बात कबूल करने के लिए दबाव बनाने की बात कही है। इस संबंध में चंद्राकर कोतवाली थाने में शिकायत लेकर भी पहुंचे थे, लेकिन यह केंद्रीय एजेंसी से जुड़ा मामला होने के कारण पुलिस ने इस मामले में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हेमंत चंद्राकर ने आरोप लगाए हैं कि एजेंसी टीम ने पूछताछ के लिए उसे अपने दफ्तर बुलाया था। पूछताछ के दौरान एक अफसर ने उसके साथ मारपीट करते हुए दबाव बनाया कि वह बघेल और उसके करीबियों से कमीशन लेने की बात कबूल करें। पूछताछ खत्म होने के बाद चंद्राकर ने अपना एक विडियो भी वायरल किया है, जिसमें उसने पूछताछ के दौरान अफसरों द्वारा की गई मारपीट एवं दबाव बनाने की बात रोते हुए कही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह खाद बीज का व्यापारी है और इस मामले में उसे जबरन फंसाया जा रहा है। इधर वायरल हुए विडियो को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी ट्विट कर एजेंसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब एजेंसी गुंडागर्दी पर उतर आई है। पहले व्यापारी के यहां रेड कर रही है और फिर पूछताछ के लिए बुलाकर उन्हें पीटकर उनका और उनके करीबियों का नाम लेने के लिए दबाव बना रही है।

## बाजार में बरसने लगा धन धनतेरस तक होगा दस हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि के प्रारंभ होते ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। नवरात्रि के नौ दिनों में बाजार में जमकर धन बरसा है। आगे भी अब धनतेरस तक बाजार गुलजार रहेंगे और हर सेक्टर में जमकर खरीदारी होगी। प्रदेश में धनतेरस तक हर सेक्टर पर जमकर लक्ष्मी की कृपा बरसेगी और बाजार में दस हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा। सराफा और कपड़ा बाजार में जहां करीब तीन-तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है, वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में दो से ढाई हजार करोड़ का कारोबार होगा। रीयल एस्टेट में भी हजार करोड़ का कारोबार होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फर्नीचर, बर्तन को मिलाकर दो हजार करोड़ के आसपास कारोबार होने की संभावना है। अब तक नवरात्रि में दो हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो चुका है। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस के दो दिनों में ही पांच हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने का अनुमान है। त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से हुआ है। इसके बाद लगातार त्योहार हैं। ऐसे में नवरात्रि से ही हर सेक्टर केबाजार में लोग खरीदारी करने निकल रहे हैं। नवरात्रि में तो वाहन, कपड़ों, सोने-चांदी से लेकर हर तरह की खरीदी को शुभ माना जाता है।

■ जीएसटी कम होने से हर सेक्टर में हो रही जमकर खरीदारी

### एक लाख बाइक बिकने का अनुमान

त्योहारी सीजन में नवरात्रि से वाहनों की बिक्री हो गई है। त्योहारों में सबसे ज्यादा बाइक ही बिक्री होती है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक सीजन में दीपावली तक एक लाख बाइक बिकने का अनुमान है। इसकी कीमत ही करीब हजार करोड़ हो जाएगी। जानकारों के मुताबिक कारों के साथ अन्य वाहनों को मिलाकर करीब दस हजार वाहन बिकेंगे। साथ ही कमर्शियल वाहन भी बिकेंगे। सभी को मिलाकर करीब ढाई हजार करोड़ का कारोबार हो जाएगा।



## चिंतन

# पाक को लहूलुहान कर रहे उसके पाले आतंकी

जो कांच के मकान में रहते हैं वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। यह कहावत पूरी तरह से पाकिस्तान पर फिट बैठती है। वो आतंकवाद का पोषण करते-करते खुद उसके जाल में फंस चुका है। जिन आतंकियों को उसने भारत में खून-खराबा करने के लिए पाला था, अब वही पाक में खून की नदियां बहा रहे हैं, लेकिन पाक हुक्मरान अभी भी इसे कबूल करने की बजाए आतंकवाद का महिमामंडन करने से बाज नहीं आ रहे। मंगलवार को पाक के क्वेटा शहर में भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लास्ट हुआ। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हुए हैं। मारे गए लोगों में चार आतंकवादी भी बताए जा रहे हैं। विस्फोट पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास एक गाड़ी में हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरारें आ गई। क्वेटा में इस महीने यह दूसरा बम ब्लास्ट हुआ है। इससे पहले 3 सितंबर को क्वेटा बलूच नेशनल पार्टी की रैली के दौरान बम विस्फोट हुआ था। इसमें 11 लोगों की मौत हुई थी। 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। हालात ये हो गए हैं कि ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था। टीटीपी हमलों में 90 फीसदी की वृद्धि हुई है और बलूच आर्मी के हमले 60 प्रतिशत बढ़े है। वहां के नेता इससे सीख लेने की बजाए इसका दोषारोपण भारत पर करके पल्ला झाड़ने की बेहयाई दिखाने से बाज नहीं आ रहे। मंगलवार को हुए हमले के कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति आसीफ अली जरदारी ने बयान जारी कर दिया कि हमले के पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों का हाथ है। बिना किसी जांच, बिना किसी सबूत किसी पर भी आरोप लगा देना, ये केवल और केवल पाकिस्तानी हुक्मरान ही कर सकते हैं। जबकि सच्चाई ये है कि 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया तो इससे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान नाराज हो गया, वे इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था। टीटीपी नेताओं का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो उसके खिलाफ हमला करता है। टीटीपी का अफगान तालिबान के साथ गहरा जुड़ाव है। दोनों समूह एक-दूसरे को समर्थन देते हैं। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने टीटीपी को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले किए। इससे उनकी नाराजगी और भी बढ़ गई। इसके चलते वो पाक में खून-खराबा कर रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91 प्रतिशत ज्यादा हैं। खुद पाक मानता है कि टीटीपी पश्तून समुदाय की गरीबी, बेरोजगारी और सरकार की अनदेखी जैसी शिकायतों का फायदा उठाता है और उनके सहयोग से हमलों को अंजाम देता है। फिर इसमें भारत कहां से आ गया। पाक नेताओं को कुछ भी बोलने से पहले सोचना चाहिए। अब जबकि उसका अपना घर जल रहा है, वो इसे समझने की बजाए भारत पर ही निशाना साधने की फिराक में है। इसमें उसे रत्तीभर सफलता नहीं मिल सकती। क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का पोषक है। उसने सैकड़ों की संख्या में आतंकी सरगना पाल रखे हैं।



विचार
दत्तात्रेय होसबाले

# समाज सहयोग से संघ शताब्दी यात्रा सुगम बनी

संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता गया। संघ कार्य सामान्य जन की भावनाओं के अनुरूप होने के कारण शनैः शनैः इस कार्य की स्वीकार्यता समाज में बढ़ती चली गई। स्वामी विवेकानंद से एक बार उनके विदेश प्रवास में यह पूछा गया कि आपके देश में तो अधिकतम लोग अनपढ़ हैं, अंग्रेज़ी तो जानते ही नहीं हैं, तो आपकी बड़ी-बड़ी बातें भारत के लोगों तक कैसे पहुंचेगी? उन्होंने कहा कि जैसे चीटियों को शक्कर का पता लगाने के लिए अंग्रेज़ी सीखने की ज़रूरत नहीं है, वैसे ही मेरे भारत के लोग आध्यात्मिक ज्ञान के चलते किसी भी कोने में चल रहे सात्विक कार्य को तुरंत समझ जाते हैं व वहीं वो चुपचाप पहुँच जाते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को अभी सौ वर्ष पूर्ण हो रहे है। इस सौ वर्ष की यात्रा में कई लोग सहयोगी और सहभागी रहे हैं। यह यात्रा परिश्रम पूर्ण और कुछ संकटों से अवश्य घिरी रही, परंतु सामान्य जनों का समर्थन उसका सुखद पक्ष रहा। आज जब शताब्दी वर्ष में सोचते हैं तो ऐसे कई प्रसंग और लोगों का स्मरण आता है, जिन्होंने इस यात्रा की सफलता के लिए स्वयं सब कुछ समर्पित कर दिया।

प्रारंभिक काल के वे युवा कार्यकर्ता एक योद्धा की तरह देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर संघ कार्य के लिए देशभर में निकल पड़े। अप्पाजी जोशी जैसे गृहस्थ कार्यकर्ता हों या प्रचारक स्वरूप में दादाराव परमार्थ, बालासाहब व भाऊराव देवरस बंधु, यादवराव जोशी, एकनाथ रानडे आदि लोग डॉक्टर हेडगेवार जी के सान्निध्य में आकर संघ कार्य को राष्ट्र सेवा का जीवनव्रत मानकर जीवन पर्यन्त चलते रहे।

संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता गया। संघ कार्य सामान्य जन की भावनाओं के अनुरूप होने के कारण शनैः शनैः इस कार्य की स्वीकार्यता समाज में बढ़ती चली गई। स्वामी विवेकानंद से एक बार उनके विदेश प्रवास में यह पूछा गया कि आपके देश में तो अधिकतम लोग अनपढ़ हैं, अंग्रेज़ी तो जानते ही नहीं हैं, तो आपकी बड़ी-बड़ी बातें भारत के लोगों तक कैसे पहुंचेगी? उन्होंने कहा कि जैसे चीटियों को शक्कर का पता लगाने के लिए अंग्रेज़ी सीखने की ज़रूरत नहीं है, वैसे ही मेरे भारत के लोग अपने आध्यात्मिक ज्ञान के चलते किसी भी कोने में चल रहे सात्विक कार्य को तुरंत समझ जाते हैं व वहीं वो चुपचाप पहुँच जाते हैं। इसलिए वे मेरी बात समझ जायेंगे। यह बात सत्य सिद्ध हुई। वैसे ही संघ के इस सात्विक कार्य को धीरे क्यों न हो, सामान्य जन से स्वीकार्यता व समर्थन लगातार मिल रहा है।

संघ कार्य के प्रारंभ से ही संपर्कित व नये-नये सामान्य परिवारों द्वारा संघ कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद व आश्रय प्राप्त होता रहा। स्वयंसेवकों के परिवार ही संघ कार्य संचालन के केंद्र रहे। सभी माता-भगिनियों के सहयोग से ही संघ कार्य को पूर्णता प्राप्त हुई। दत्तोपंत ठेंगड़ी या यशवंतराव केलकर, बालासाहेब देशपांडे तथा एकनाथ रानडे, दीनदयाल उपाध्याय या दादासाहेब आपटे जैसे लोगों ने संघ प्रेरणा से समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में संगठनों को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई। ये सभी संगठन वर्तमान समय में व्यापक विस्तार के साथ-साथ उन क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समाज की बहनों के मध्य इसी राष्ट्र कार्य हेतु राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से मौसी जी केलकर से लेकर प्रमिलाताई मेढ़े जैसी मातृसमान हस्तियों की भूमिका इस यात्रा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

संघ द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय हित के कई विषयों को उठाया गया। उन सभी को समाज के विभिन्न लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ, जिनमें कई बार सार्वजनिक रूप



से विरोधी दिखने वाले लोग भी शामिल रहे। संघ का यह भी प्रयास रहा कि व्यापक हिंदू हित के मुद्दों पर सभी का सहयोग प्राप्त किया जाए। राष्ट्र की एकात्मता, सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द तथा लोकतंत्र एवं धर्म-संस्कृति की रक्षा के कार्य में असंख्य स्वयंसेवकों ने अवर्णनीय कष्ट का सामना किया और सैकड़ों का बलिदान भी हुआ। इन सबमें समाज के संबल का हाथ हमेशा रहा है।

1981 में तमिलनाडु के मीनाक्षीपुरम में भ्रमित करते हुए कुछ हिंदुओं का मतांतरण करवाया गया। इस महत्वपूर्ण विषय पर हिंदू जागरण के क्रम में आयोजित लगभग पांच लाख की उपस्थिति वाले सम्मेलन की अध्यक्षता करने हेतु तत्कालीन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. कर्णसिंह उपस्थित रहे।

1964 में विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना में प्रसिद्ध संन्यासी स्वामी चिन्मयानंद, मास्टर तारा सिंह व जैन मुनी सुशील कुमार जी, बौद्ध भिक्षु कुशोक बकुला व नामधारी सिख सद्गुरु जगजीत सिंह इनकी प्रमुख सहभागिता रही। हिन्दू शास्त्रों में अस्पृश्यता का कोई स्थान नहीं है यह पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से श्री गुरूजी गोलवलकर की पहल पर उडुपी में आयोजित विश्व हिंदू सम्मेलन में पूज्य धर्माचार्यों सहित सभी संतों-महंतों का आशीर्वाद व उपस्थिति रही। जैसे प्रयाग सम्मेलन में न हिंदुः पतितो भवेत ( कोई हिन्दू पतित नहीं हो सकता) का प्रस्ताव स्वीकार हुआ था वैसे ही इस सम्मेलन का उद्घोष था - हिंदवः सोदराः सर्वे अर्थात सभी हिन्दू भारत माता के पुत्र हैं। इन सभी में तथा गौहत्या बंदी का विषय हो या राम जन्मभूमि अभियान, संतों का आशीर्वाद संघ स्वयंसेवकों को हमेशा प्राप्त होता रहा है।

स्वाधीनता के तुरंत पश्चात राजनीतिक कारणों से संघ कार्य पर तत्कालीन सरकार द्वारा जब प्रतिबंध लगाया गया, तब समाज के सामान्य जनों के साथ अत्यंत प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी संघ के पक्ष में खड़े होकर इस कार्य को संबल प्रदान किया। यही बात आपातकाल के संकट समय में भी अनुभव में आई। यही कारण है कि इतनी बाधाओं के पश्चात भी संघ कार्य अक्षुण्ण रूप से निरंतर आगे बढ़ रहा है। इन सभी परिस्थितियों में संघ कार्य एवं स्वयंसेवकों को संभालने का दायित्व हमारी माता-भगिनीयों ने बड़ी कुशलता से निभाया। यह सभी बातें संघ कार्य हेतु सर्वदा प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं।

भविष्य में राष्ट्र की सेवा में समाज के सभी लोगों के सहयोग एवं सहभागिता के लिए संघ स्वयंसेवक शताब्दी वर्ष में घर-घर संपर्क के द्वारा विशेष प्रयास करेंगे। देशभर में बड़े शहरों से लेकर सुदूर गांवों के सभी जगहों तक तथा समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने का प्रमुख लक्ष्य रहेगा। समूचे सज्जन शक्ति के समन्वित प्रयासों द्वारा राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की आगामी यात्रा सुगम एवं सफल होगी।

*-लेखक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह है*

## सरोकार

पूजा मेहरा




# रोजगार से ही आत्मनिर्भर बन सकती हैं महिलाएं

हर सुबह की तरह नाथवाना गांव की 27 वर्षीय किरण अपने छोटे से घर के आंगन में बैठी खाना पकाने की तैयारी कर रही है। वहीं बगल में उसके तीन छोटे बच्चे खेल रहे हैं। किरण रोजमर्रा के काम निपटाने के बाद खेतों में मजदूरी करने भी जाती है। मजदूरी से जो थोड़े पैसे मिलते हैं, उनसे घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। वह अक्सर सोचती कि काश गांव में ही कोई ऐसा काम होता जिसे करके वह घर भी संभाल पाती और थोड़ा बेहतर जीवन जी पाती। यह सिर्फ किसी एक किरण की कहानी नहीं है बल्कि उसकी जैसी असंख्य महिलाएं राजस्थान के गांवों में आज भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रही हैं। उनकी मेहनत और जिम्मेदारियां बहुत हैं, लेकिन अवसर कम। जिन्हें अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद श्रम का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। इससे वह विकास की दौड़ में पिछड़ जाती हैं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि महिलाओं के विकास का रास्ता रोजगार से होकर ही गुजरता है। इससे न केवल उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है बल्कि उनका आत्म-सम्मान, निर्णय लेने की शक्ति और सामाजिक पहचान भी मजबूत होती है। नाथवाना गांव जैसे इलाकों में महिलाओं को रोज़गार से जोड़ना इसलिए बेहद ज़रूरी है क्योंकि यहां की महिलाएं अब भी परंपरागत सोच, संसाधनों की कमी और शिक्षा की सीमाओं से बंधी हुई हैं। जब उन्हें काम और कमाई का अवसर मिलेगा, तभी वे अपने बच्चों की पढ़ाई, पोषण और परिवार की खुशहाली में बराबरी का योगदान दे सकेंगी। आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में महिला श्रम-शक्ति की स्थिति मिश्रित है। ग्रामीण राजस्थान में महिलाओं का श्रम भागीदारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। इसका मतलब यह है कि महिलाएं किसी न किसी रूप में काम कर रही हैं, परंतु यह काम ज़्यादातर असंगठित क्षेत्र या कृषि मजदूरी तक सीमित है। एक अध्ययन में बताया गया है कि लगभग 82 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं कृषि और खेतिहर मजदूरी में लगी हैं। यह काम अनिश्चित, कम वेतन वाला और सुरक्षा रहित होता है। यानी महिलाएं मेहनत तो खूब करती हैं, पर उनका योगदान समाज और परिवार दोनों ही जगहों पर कम करके आंका जाता है। नाथवाना गांव में भी तस्वीर लगभग ऐसी ही है। महिलाएं खेतों में काम करती हैं, पशुपालन करती हैं, घर और बच्चों की देखभाल करती हैं। परंतु इन्हें 'रोज़गार' नहीं माना जाता क्योंकि इन कामों के लिए नियमित आय या सम्मानजनक वेतन नहीं मिलता। यही वजह है कि वह आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर बनी रहती है। यदि इन्हें संगठित ढंग से स्वरोज़गार के अवसर, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच मिले तो यह मेहनत एक उत्पादक और सम्मानजनक रोजगार में बदल सकती है। रोजगार से जुड़ी यह कमी केवल आर्थिक पक्ष तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह सामाजिक ढांचे को भी प्रभावित करती है। एक महिला जो अपने पैरों पर खड़ी होती है, वह न केवल घर के खर्च उठाने में मदद करती है, बल्कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देती है। एक सर्वे के अनुसार जब किसी परिवार में महिला आय अर्जित करती है तो उस परिवार में बालिकाओं के स्कूल जाने की संभावना 20 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। यही नहीं, परिवार का पोषण स्तर और स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ता है। नाथवाना गांव में 45 वर्षीय द्रौपदी कहती हैं कि अगर उन्हें सिलाई, बुनाई, कढ़ाई या डेयरी का प्रशिक्षण और छोटा-सा ऋण मिल जाए तो वे घर बैठकर भी कमाई कर सकती हैं। लेकिन आज भी प्रशिक्षण केंद्रों की दूरी, परिवहन की दिक्कतें और सामाजिक बंदिशें उन्हें पीछे खींच लेती हैं। एक और बाधा यह है कि समाज में महिला की भूमिका को अभी भी 'घर तक सीमित' मानने की सोच हावी है। यही कारण है कि शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद कई महिलाएं रोजगार तक नहीं पहुंच पातीं। आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान में उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त महिलाओं का काम में शामिल होने का अनुपात केवल 22 प्रतिशत है। इसका साफ मतलब है कि शिक्षा बढ़ने के बाद भी रोजगार का रास्ता आसान नहीं होता, क्योंकि समाज और व्यवस्था दोनों ही स्तर पर समर्थन कम है। हालांकि जब नाथवाना की महिलाएं रोजगार से जुड़ेंगी, तो यह केवल उनकी आय का सवाल नहीं होगा, बल्कि समाज में उनकी आवाज और अस्तित्व को मान्यता देने का सवाल होगा। सके लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास करने होंगे। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को ऋण और बाज़ार से जोड़ना, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना, और सरकार की योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
## दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

# ब्राह्मण का सपना



संकलित
## प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वदेशी, स्वदेशी और स्वदेशी

राष्ट्रपिता गांधी जी ने केवल सत्य, अहिंसा और प्यार को आधार बना कर स्वदेशी के अस्त्र से अंग्रेजों को धूल चटा कर निकाल बाहर किया और भारत को स्वतंत्र करवाया। आज जब भारत वैश्विक षड्यंत्रों का शिकार है और अमरीका की आततायी नीति भारत को जख्म दे रही है, ऐसे में भारत केवल स्वदेशी की ढाल से अपनी और जनता की रक्षा कर सकता है। अमरीका, पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र को यूएन में उच्च पद देकर तथा आर्थिक मदद दिलवा कर भारत और चीन दोनों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। चीन का एक गुर्गा हथिया कर भारत व पाकिस्तान को अलग कर शोषण करना चाहता है। रूस की शक्ति क्षीण कर यूक्रेन के संसाधनों को हड़पना उसका लक्ष्य है। ऐसे में भारत को फैशन और चोंचलेबाजी छोड़ स्वदेशी और भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। *- खेमराज देवांगन, राजिम*

## ट्रेंड

### दिवंगत आत्मा को नमन



जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और भाजपा तक संगठन को आकार और विस्तार देने में अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा के निधन से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भारत-भूटान रेल संपर्क



भारत-भूटान रेल संपर्क, जिनमें से एक भूटान के माइंडफुलनेस सिटी को असम के कोकराझार से जोड़ेगा, एक नए आर्थिक गलियारे की नींव रखेगा। इससे पूर्वोत्तर के फलते-फूलते बाज़ारों और गेलेफू में बनने वाले नवाचार केंद्र के बीच तालमेल बढ़ेगा।
- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### निष्पक्ष न्यायिक जांच हो



पिता फौजी, बेटा भी फौजी - जिनके खून में देशभक्ति बसी है। फिर भी बीजेपी सरकार ने देश के वीर बेटे की गोली मारकर जान ले ली, सिर्फ इसलिए क्योंकि वो लद्दाख और अपने अधिकार के लिए खड़ा था। हमारी मांग है कि लद्दाख में हुई इन हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### पारदर्शिता ही ईमानदारी



उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग जब परीक्षा करवा ही नहीं पाता है तो भंग क्यों नहीं कर दिया जाता। पारदर्शिता ही ईमानदारी को सुनिश्चित करती है और व्यवस्था में विश्वास को भी। कुछ तो है जिसकी पर्दा-दारी है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर


# अफगानिस्तान में बंद हुई इंटरनेट सेवाएं



अफगानिस्तान में सोमवार को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अनैतिकता पर तालिबान की कार्रवाई के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं को संभावित रूप से देशव्यापी स्तर पर बंद कर दिया गया है। तालिबान के अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज होने के बाद यह पहली बार है जब अफगानिस्तान में इस तरह की बंद की कोई कार्रवाई हुई है। इस महीने की शुरुआत में तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा द्वारा अनैतिकता को रोकने के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी करने के बाद कई प्रांतों के 'फाइबर-ऑप्टिक कनेक्शन' बंद हो गए। इंटरनेट के इस्तेमाल, उस तक पहुंच का समर्थन करने वाले संगठन 'नेटब्लॉक्स' ने सोमवार को बताया कि इंटरनेट के इस्तेमाल के संबंध में मौजूदा वास्तविक जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान में 'कनेक्टिविटी' सामान्य स्तर के 14 प्रतिशत तक गिर गई और देशभर में टेलीकॉम सेवाओं में लगभग पूर्ण व्यवधान देखा जा रहा है।

## ऑफ बीट

# हर जगह चेहरे की पहचान के फायदे और नुकसान



अब जब आप किसी दुकान में प्रवेश करें, फ्लाइट में चढ़ें, अपने बैंक खाते में लॉगिन करें या सोशल मीडिया फीड स्क्रॉल करें, तो संभावना है कि आपसे चेहरा स्कैन करने के लिए कहा जाए। चेहरे की पहचान और अन्य प्रकार की बायोमेट्रिक तकनीक अब पहचान का एक आम जरिया बनती जा रही है। इसे तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित बताया जाता है, लेकिन इसके साथ ही यह निजता के उल्लंघन को लेकर भी चिंता पैदा कर रही है। उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलिया में केमार्ट जैसे बड़े रिटेलर्स बिना ग्राहक की सहमति के, इस तकनीक का इस्तेमाल कर कानून का उल्लंघन करते पाए गए हैं। तो क्या यह एक खतरनाक तकनीकी अतिक्रमण है या सुरक्षा का भविष्य? और खासकर जब बच्चे भी केवल अपने चेहरे से अपनी पहचान साबित करने लगे हैं, तो इसका परिवारों के लिए क्या अर्थ है? चेहरे की पहचान के दो पहलू चेहरे की पहचान तकनीक को सहज और सुविधाजनक सेवा के रूप में पेश किया जाता है। यात्रा उद्योग में यह बात स्पष्ट है, जहाँ क्वांटास जैसी एयरलाइंस इसे यात्रा को आसान बनाने वाला प्रमुख तरीका मानती हैं। पासपोर्ट और बोर्डिंग पास के झंझट से बचें, बस चेहरा स्कैन करें और आगे बढ़ें।



बिलासपुर

बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी

वर्ष : 25, अंक : 189

पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 33.0

न्यून. 25.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस आज








## खबर संक्षेप

### बाइक सवार दो सगी बहनों सहित तीन की मौत



**पन्ना।** मप्र के पन्ना जिले में तेज रफ्तार से जा रही एक टूरिस्ट बस ने कथित तौर पर एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो सगी बहनों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान लालकरण (22), अंजलि (17) और अनारकली (12) के रूप में हुई है। यह घटना उस समय हुई जब तीनों अष्टमी के अवसर पर एक मंदिर में पूजा कर अपने घर लौट रहे थे।

### मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, छह गिरफ्तार

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले में मकान बेचने के नाम पर एक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी से 89 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि देवघर जिले के चित्रा निवासी मुकेश रवानी जामताड़ा में मकान खरीदना चाह रहे थे। इसी दौरान उन्हें रेलवे स्टेशन के पास एक संपत्ति दिखी।

# बिहार में पूरा हुआ एसआईआर, 69.29 लाख वोटर हटे और 21.53 लाख जुड़े

## चुनाव आयोग ने जारी की फाइनल लिस्ट राज्य में अब 7.42 करोड़ वोटर

चुनाव आयोग ने बिहार में हुए एसआईआर के बाद फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दिया। यहां पहले 7 करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 वोटर्स थे। एसआईआर में 65.63 लाख लोगों का नाम कटा था, जिसके बाद 7.24 करोड़ रह गए थे। इसे लेकर विपक्ष ने काफी हंगामा किया और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। चुनाव आयोग ने फिर से 3.66 लाख मतदाताओं के नाम हटाए और 21.53 लाख मतदाताओं को सूची में जोड़ा। अब राज्य में मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को बिहार की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी, जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है। राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से पहले मतदाताओं की कुल संख्या 7.89 करोड़ थी। हालांकि, अंतिम आंकड़ा बीते एक अगस्त को जारी मसौदा सूची में दर्ज 7.24 करोड़ से ज़्यादा है, जिसमें मृत्यु, प्रवास और मतदाताओं के नाम के दोहराव सहित विभिन्न कारणों से मूल सूची से 65 लाख मतदाताओं को हटा दिया गया था। आयोग ने कहा कि संभावित मतदाताओं द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों और पार्टियों व व्यक्तियों द्वारा दर्ज की गई आपत्तियों के एक महीने तक चले मूल्यांकन के बाद मसौदा सूची से 3.66 लाख ▶▶|शेष पेज 6 पर



- विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में तैयार हुई मतदाता सूची
- अब देशभर में एसआईआर की तैयारी में जुटा निर्वाचन आयोग

### सोशल मीडिया पर घोषणा

*विधानसभा चुनाव से पहले बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भारत के निर्वाचन आयोग को टैग करते हुए सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, विशेष गहन पुनरीक्षण के आलोक में, अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर, 2025 को प्रकाशित कर दी गई है। लोग संबंधित लिंक पर क्लिक करके अपना नाम देख सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य में अंतिम मतदाता सूची के बारे में विस्तार से नहीं बताया।*

### विपक्ष ने आयोग पर उठाए सवाल

एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग ने कहा था कि इसका उद्देश्य केवल पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बने रहना और छूटे हुए मतदाताओं को शामिल करना है। चुनाव से कुछ महीने पहले एसआईआर किए जाने पर सवाल उठाते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी सहित इंडिया गठबंधन के कई नेताओं ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा भी निकाली थी। चुनाव आयोग पर सत्तारूढ़ गठबंधन की मदद करने का आरोप लगाया था।

### ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के बाद कितने ने किया आवेदन?

*चुनाव आयोग की ओर 1 अगस्त 2025 को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 7 करोड़ 24 लाख 5 हजार 756 वोटर्स का नाम था यानि कि पहले के मुकाबले 65.63 लाख लोगों का नाम कटा हुआ था। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद ईसीआई ने 3 लाख लोगों को नोटिस भेजा था। इस दौरान 2.17 लाख लोगों ने नाम कटवाने तो वहीं 16.93 लाख लोगों ने नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया। ईसीआई की ओर से जारी अंतिम वोटर लिस्ट में मुजफ्फरपुर जिले में 88,108 मतदाता बढ़े हैं, यानी कुल मतदाताओं की संख्या 32,03,370 से बढ़कर 32,91,478 हो गई है। पटना जिला के 14 विधानसभा में वोटर की संख्या 48,15,294 से बढ़कर 46,51,694 हो गई है।*

### सुशासन शिखर सम्मेलन 14 को

# सीएम की अध्यक्षता में 12 से कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में सुशासन और प्रशासनिक कार्यों को लेकर अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएंगी। 12 से 14 अक्टूबर तक चलने वाली इन कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इनमें कलेक्टर, एसपी और डीएफओ शामिल होंगे, जबकि 14 अक्टूबर को राज्य स्तरीय सुशासन शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 12 अक्टूबर को कलेक्टर कॉन्फ्रेंस होगी। 13 अक्टूबर को डीएम-एसपी कॉन्फ्रेंस और उसके बाद कलेक्टर-डीएफओ कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएंगी। 14 अक्टूबर को राज्य स्तरीय सुशासन शिखर सम्मेलन होगा, जिसका विस्तृत कार्यक्रम सुशासन विभाग द्वारा अलग से जारी किया जाएगा।

### एजेंडा तैयार करने दिए निर्देश

सभी सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के मुख्य एजेंडा बिंदुओं को मुख्यमंत्री कार्यालय और सामान्य प्रशासन विभाग के साथ साझा करें। एजेंडा को 6 अक्टूबर तक अंतिम रूप दिया जाएगा। सम्मेलनों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नोडल विभाग भी तय किए गए हैं। गृह विभाग को डीएम-एसपी कॉन्फ्रेंस का नोडल विभाग बनाया गया है, वहीं वन विभाग कलेक्टर-डीएफओ कॉन्फ्रेंस का नोडल विभाग रहेगा।





राजकोट गुजरात

देशभर में हुए हवन, कन्या पूजन

श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

# महाअष्टमी पर महापूजन

**नई दिल्ली।** देशभर में दुर्गापूजा की धूम है। मंगलवार को महाअष्टमी के मौके पर कटरा के वैष्णोदेवी मंदिर, कोलकाता के काली मंदिर आदि में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। विभिन्न शहरों में हवन-पूजन, कन्या पूजन का आयोजन भी किया गया। उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर स्थित विंध्याचल धाम में गंगा आरती भी हुई।


जयपुर, राजस्थान


मिर्ज़ापुर, यूपी


वाराणसी, यूपी


## खबर संक्षेप

### भोजपुरी स्टार पवन सिंह की होगी भाजपा वापसी!



**नई दिल्ली।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह का 'घर वापसी' का रास्ता साफ़ हो गया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा से मंगलवार को पवन सिंह ने उनके दिल्ली आवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान पवन सिंह, उपेंद्र कुशवाहा के गले मिले और पैर छुए। माना जा रहा है कि दोनों के बीच सारे गिले-शिकवे मिट गए हैं। पवन सिंह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा के ख़िलाफ़ बिहार की काराकाट संसदीय सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ा था।

### मालाबार गोल्ड : मेटा, गूगल को हटाना होगा विवादित कंटेंट



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स लिमिटेड को बड़ी अंतरिम राहत देते हुए, मेटा, एक्स, गूगल और कुछ न्यूज साइटों सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को कंपनी के खिलाफ अपमानजनक सामग्री तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। यह पूरा विवाद ज्वेलरी कंपनी द्वारा ब्रिटेन के बर्मिंघम में नए शोरूम के प्रचार के लिए पाकिस्तानी इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर अलिश्बा खालिद को काम पर रखने से शुरू हुआ।

## नेतन्याहू से मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति लाए प्रस्ताव

# गाजा के लिए ट्रंप ने दिया नया पीस प्लान भारत-चीन सहित अरब-यूरोप ने किया ओके

*गाजा में जारी संघर्ष जल्द रुकने के आसार हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक पीस प्लान का ऐलान किया है, जिसमें 72 घंटों में बंधकों को रिहा करने की बात है। खास बात है कि इस 20 सूत्रीय योजना का भारत समेत कई देशों ने समर्थन किया है। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि हमास ने इसपर मंज़ूरी दी है या नहीं।*


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ट्रंप ने इजरायल-हमास युद्ध को समाप्त करने और युद्धग्रस्त फिलिस्तीन क्षेत्र में युद्धोत्तर शासन स्थापित करने के लिए एक 20-सूत्रीय योजना पेश की है। इस योजना के तहत एक अस्थायी शासी बोर्ड की स्थापना की जाएगी जिसके अध्यक्ष ट्रंप होंगे। इस बोर्ड में पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी शामिल होंगे। योजना के अनुसार यदि दोनों पक्ष इसे स्वीकार करते हैं तो युद्ध तुरंत समाप्त हो जाना चाहिए। इसमें यह भी कहा गया है कि इजरायल द्वारा योजना स्वीकार किए जाने के 72 घंटों के भीतर सभी शेष बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि यदि हमास प्रस्तावित शांति समझौते को स्वीकार नहीं करता है तो उसे (हमास) हराने के लिए इजराइल को अमेरिका का 'पूर्ण समर्थन' प्राप्त होगा।

**खास बातें**

- इधर हमास ने कहा- हमें प्रस्ताव की जानकारी नहीं
- हमास को माफी मिलेगी, लेकिन शासन में नहीं होगा रोल!
- ट्रंप ने बदल दिया गाजा का नक्शा... इजरायल बॉर्डर पर बनेगा बफर जोन



### गाजा का बना नया नक्शा

प्लान में ट्रंप ने गाजा का नया नक्शा तैयार किया है। इस नक्शे के अनुसार गाजा और इजरायल के बीच अब हमेशा के लिए एक बफर जोर रहेगा। यानी कि इस रेखा के पार न तो इजरायली सैनिक जा सकेंगे, न ही फिलीस्तीन के लोग आ सकेंगे।

### प्लान का ये देश कर रहे समर्थन

भारत ने इस प्लान को समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा, 'सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रंप की पहल के लिए एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने तथा शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे।' आठ अरब और मुस्लिम बहुल देश जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्किए, सऊदी अरब और मिस्र तथा इनके साथ चीन, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, जर्मनी, यूरोपीय परिषद ने भी ट्रंप की योजना पर सहमति जताई है।

**65 हजार से ज्यादा लोग मरे**

गाजा में अभी भी 48 लोग बंधक है। लगभग तीन साल से जारी युद्ध में 66,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपनी दैनिक रिपोर्ट में बताया कि सात अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के बाद दोनों पक्षों में छिड़े युद्ध में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 66,005 हो गई है।

### हमें नहीं मिला है ट्रंप का गाजा प्लान : हमास

इधर, फलस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने ट्रंप के गाजा प्लान की जानकारी होने से इंकार किया है। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना नहीं मिली है। प्रस्ताव मिलने पर हम इसका अध्ययन करेंगे और मिलते ही इस पर प्रतिक्रिया देंगे।'

### गाजा के लोगों ने कहा प्लान महज एक दिखावा

ट्रंप की शांति योजना को लेकर गाजा के लोगों ने शक जाहिर किया है। उनका कहना है कि ये महज एक दिखावा है। ऐसा इसलिए क्योंकि पहले भी ट्रंप युद्ध को समाप्त करने में विफल रहे हैं। 39 वर्षीय इब्राहिम जौदेह ने दक्षिणी गाजा के तथाकथित मानवीय क्षेत्र अल-मवासी में अपने शेल्टर से बताया, 'यह साफ है कि यह योजना अवास्तविक है। इसमें ऐसी शर्तें रखी गई हैं जिनके बारे में अमेरिका और इजरायल को पता है कि हमास इन्हें कभी स्वीकार नहीं करेगा। हमारे लिए इसका मतलब है कि युद्ध और पीड़ा जारी रहेगी।'

## चिदंबरम का बड़ा कुबूलनामा

# 'मुंबई हमले पर अमेरिका ने हमें जवाबी कार्रवाई से रोका'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी चिदंबरम ने खुलासा किया है कि तत्कालीन यूपीए सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख की वजह से पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला किया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने स्वीकार किया कि 'मेरे मन में बदला लेने का विचार आया था', लेकिन सरकार ने सैन्य कार्रवाई न करने का फैसला किया। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में चिदंबरम ने कहा, 'पूरी दुनिया दिल्ली में यह कहने आई थी कि 'युद्ध शुरू मत करो।' उन्होंने आतंकवादी हमलों के कुछ ही दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री का पदभार संभाला था, जिसमें 175 लोगों की जान चली गई थी।

चिदंबरम ने कहा तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस भारत मुझसे और प्रधानमंत्री से मिलने आईं, और कहा, 'कृपया प्रतिक्रिया न दें। मैंने कहा कि यह एक ऐसा फैसला है जो सरकार लेगी।

बता दें, 26 नवंबर, 2008 को लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक ग्रुप ने छत्रपति शिवाजी महाराज रेलवे स्टेशन, ओबेरॉय ट्राइडेंट, ताज महल पैलेस एंड टावर होटल, लियोपोल्ड कैफ़े, कामा अस्पताल और नरीमन हाउस पर हमले किए। मुंबई पुलिस की ओर से पकड़े गए आतंकवादियों में से एक, अजमल कसाब को 2012 में फांसी दे दी गई थी।

### बीजेपी का पलटवार

बीजेपी ने इस कुबूलनामे की आलोचना की। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री ने स्वीकार किया है कि देश पहले से ही जानता था कि मुंबई हमलों को 'विदेशी ताकतों के दबाव के कारण गलत तरीके से संभाला गया था।' बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि चिदंबरम पर 'दूसरों का दबदबा रहा।' उन्होंने सवाल उठाया कि क्या वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी या तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस कदम को रोका था।




# 'सीएम स्टालिन सर, आपको बदला लेना है मुझसे लीजिए'

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

**करूर हादसा**
एक्टर-नेता विजय ने स्टालिन पर साधा निशाना



अभिनेता से नेता बने विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पर हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि मेरे खिलाफ चाहे जो भी करना होगा करें, लेकिन कार्यकर्ताओं और समर्थकों के खिलाफ कुछ न करें। मुख्यमंत्री को संबोधित संदेश में विजय ने कहा कि सीएम सर, आपको बदला लेना है मुझसे लीजिए। टीवीके चीफ ने करूर में हुई भगदड़ मामले में अपने कार्यकर्ताओं के खिलाफ हो रही कार्रवाई पर सवाल उठाया है। 27 सितंबर को अभिनेता विजय की रैली के दौरान भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 41 लोग मारे गए थे। इस मामले में टीवीके कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पार्टी सदस्यों पर कार्रवाई के बीच टीवीके चीफ विजय ने एक वीडियो बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने भगदड़ मामले में एफआईआर का हवाला देते हुए कहा कि सीएम सर, अगर आपको बदला लेना है तो मेरे खिलाफ कुछ भी कर सकते हैं। मैं घर पर रहूंगा या फिर ऑफिस में रहूंगा।


# पाकिस्तान में सैन्य ठिकाने पर हमला, 10 मरे, 32 घायल

एजेंसी ▶▶| क्वेटा



पाकिस्तान के क्वेटा शहर में स्थित सेना के मुख्यालय आज भयंकर धमाका हुआ है। पूर्वी क्वेटा में फ्रंटियर कॉर्प्स मुख्यालय के पास मंगलवार को एक ज़ोरदार विस्फोट के बाद अचानक गोलीबारी हुई। विस्फोट की आवाज मॉडल टाउन और आसपास के इलाकों में सुनी गई, जिसे संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। विस्फोट से आस-पास के घरों और इमारतों की खिड़कियां टूट गईं। पाकिस्तान की न्यूज वेबसाइट डॉन के अनुसार इस धमाके में अबतक 10 लोगों की मौत की खबर है, जबकि 32 लोग घायल हो गए हैं। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मुहम्मद काकर और स्वास्थ्य सचिव मुजीब-उर-रहमान ने सिविल अस्पताल क्वेटा, बीएमसी अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर में आपातकाल की घोषणा कर दी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सभी सलाहकार, डॉक्टर, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ ड्यूटी पर हैं।





# अंचल में कार्तिक स्नान की परम्परा शरद पुन्नी से

**परब विशेष**
**डा ज्योति चंद्राकर**



छत्तीसगढ़ अंचल में आश्विन मास की पूर्णिमा को शरद पुन्नी का त्योहार मनाया जाता है। पूर्व समय में शरद पुन्नी की रात्रि आंगन में नए मिट्टी का चूल बना कर पूजा कर उसमें खीर बनाया जाता था। खीर को रात्रि घर की छत पर किसी पात्र में रख कर रात भर छोड़ दिया जाता था। ऐसी मान्यता है कि शरद पुन्नी की रात्रि स्वाति नक्षत्र की ओस की बूंदे और चन्द्रमा की किरणें खीर पर पड़ने से स्वास्थ्यवर्धक हो जाती है, इसे अमृत वर्षा कहते हैं। इस खीर को प्रातः भगवान को भोग चढ़ा कर परिवार के सभी लोग ग्रहण करते हैं। पूर्व में इस रात्रि को नाट्य प्रस्तुति भी होती थी।

इस अमृत वर्षा पर लोक कथा के अनुसार पपीहा के दुर्व्यवहार से ब्रह्म जी उन्हें श्राप दे देते हैं। श्रापित पपीहा की विनती करने पर उसे ब्रह्मा जी ने कहा,शरद पुन्नी की रात्रि को स्वाति नक्षत्र के बूंदों को मुख में डालने पर ही प्यास की तृप्ति बुझेगी। इसलिए पपीहा अमृत वर्षा की प्रतीक्षा शरद पुन्नी की रात्रि करता है। इसी आधार पर लोग रात्रि खीर बना कर घर के आंगन या छत पर रखते हैं और पूजा अर्चना कर प्रातः खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। पूर्व समय में रंग बिरंगे कागजों के बीच बल्ब लगा कर आकाशदीया बना कर शरद पुन्नी के दिन से कार्तिक पुन्नी तक जलाने का प्रचलन था। ऐसी मान्यता है कि आकाशदीया जलाने से पितरों को खुशी मिलती है। शरद पुन्नी के अगले दिन से प्रातः काल नदी स्नान कर दीपदान करने की परम्परा थी, जिसे कार्तिक नहाना कहा जाता है। आधुनिकता के इस दौर में अभी इसमें कई परम्परा विलुप्त होती दिख रही है।

**आस्था**
**विश्वनाथ देवांगन**

## बस्तर दशहरा में भीतर रैनी परम्परा निर्वहन



बस्तर दशहरा विश्व विख्यात रहा है। पर्यटक देश विदेश से इस अवसर पर पहुंचते रहे हैं। 75 दिनों तक चलने वाले बस्तर दशहरा परम्परा के चरण का विधिवत निर्वहन किया जाता है। इसमें विजया दशमी या दशहरा के दिन भीतर रैनी तथा उसके दूसरे दिन बाहिर रैनी के कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं। दोनों दिन आठ पहियों वाला विशाल रथ चलता है। भीतर रैनी अर्थात विजया दशमी के दिन यह रथ अपने पूर्ववर्ती रथ की ही दिशा में अग्रसर होता है। इस रथ पर झूले की व्यवस्था रहती है, जिस पर पहले रथारूढ़ शासक वीर वेश में बैठा झूला करता था। विजया दशमी की संध्या को जब रथ वर्तमान नगर पालिका कार्यालय के पास पहुंचता था, तब रथ के समक्ष एक भैंस की बलि दी जाती थी। भैंसा को महिषासुर वध के प्रतीक के रूप में यहां उपयोग किया जाता था। इसके बाद जुलूस में उपस्थित गणमान्य नागरिकों को रुमाल तथा बीड़े देकर सम्मानित किया जाता था। विजया दशमी को जब रथ की परिक्रमा पूरी हो जाती है, तब आदिवासी आठ पहियों वाले इस रथ को प्रथा के अनुसार चुरा कर कुमढ़ाकोट ले जाते हैं।

**कला जगत**
**कमल नारायण**

## यादगार बन कर रह गया रामलीला मंचन



अन्य प्रदेशों की तरह छत्तीसगढ़ में पहले विजया दशमी के अवसर पर रामलीला समापन के साथ रावण दहन किया जाता था। अंचल के विभिन्न स्थानों पर कहीं महीना दिन पहले तो कहीं नौ या ग्यारह दिन पहले से रामलीला आयोजित की जाती थी। वर्तमान में कुछ स्थानों को छोड़ कर रामलीला केवल दशहरा के दिन या कहीं वह भी नहीं होता, सीधे रावण दहन किया जाता है। रामलीला मंचन आजादी के पहले 1944 से रायपुर के खरोरा से लगे ग्राम केसला में रामलीला का मंचन पूरे उत्साह के साथ किया जाता है। यहां रावण की बखूबी भूमिका का निर्वहन करने वाले शत्रुघ्न देवांगन को लोग उनका नाम न लेकर रावण भाई के नाम से जानते और पुकारते हैं। यहां के मंडली की एक और विशेषता है कि रामलीला मंचन प्रतियोगिता में इस मंडली को टीम बार गोल्ड मेडल प्राप्त हो चुका है। कबीरधाम में भी 1920 से दशहरा के समय रामलीला मंचन होता आ रहा है। इसी कड़ी में बालोद जिले में तीन ऐसे ग्राम हैं जहां रामलीला मंचन में राम सीता, राम , लक्ष्मण, रावण जैसे किरदार का निर्वहन बेटियां ही करती हैं। इतना ही मंचन व्यवस्था से लेकर समाप्ति तक बेटियां ही करती हैं। वर्तमान में कई गांव या शहर अपनी रामलीला मंचन की परिपाटी को आगे बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान देते आ रहे हैं।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें– Choupalharibhoomi@gmail.com

**परम्परा**
**प्रो. अश्विनी केशरवानी**

# चंद्रपुर में नवमीं को दशहरा



उड़ीसा के संबलपुर रियासत के अंतर्गत चंद्रपुर एक छोटी जमींदारी थी। जब मध्यप्रदेश बना तब चंद्रपुर को बिलासपुर जिलांतर्गत जांजगीर तहसील में सम्मिलित किया गया था, जो महानदी और मांड नदी के तट पर स्थित है। यहां की अधिष्ठात्री चंद्रसेनी देवी हैं। इस मंदिर की स्थापना के बारे में एक किंवदंती प्रचलित है, जिसके अनुसार चंद्रसेनी देवी, सरगुजा की सरगुजहीन दाई और संबलपुर की समलेश्वरी देवी की छोटी बहन है। समलेश्वरी देवी रायगढ़ और सारंगढ़ में भी विराजमान हैं। एक बार किसी बात को लेकर चंद्रसेनी देवी नाराज होकर सरगुजा छोड़ कर चली जाती हैं। सरगुजा की सीमा को पार कर उदयपुर होते हुए रायगढ़ आ जाती हैं। यहां समलेश्वरी देवी उन्हें रोकने का बहुत प्रयास करती हैं, लेकिन चंद्रसेनी देवी यहां भी नहीं रुकती और दक्षिण दिशा में आगे बढ़ जाती हैं और महानदी के तट पर रुक कर विश्राम करने लगीं। सफर की थकान से उन्हें गहरी नींद आ गई। इसी बीत संबलपुर के राजा की सवारी महानदी पार करते समय और अनजाने में राजा के पैर की ठोकर मिट्टी से दबी चंद्रसेनी देवी की लग गई, जिससे उसकी निद्रा खुल गई। उन्होंने राजा को स्वप्न में निर्देश दिया कि तुमने मेरा



अपमान किया है, अगर तुमने महानदी के तट पर एक मंदिर निर्माण कर मेरी स्थापना नहीं कराई तो तुम्हारा सर्वनाश हो जाएगा। तत्काल राजा ने मूर्ति को निकलवाकर महानदी के तट पर टीले के ऊपर एक मंदिर निर्माण कर विधिवत चंद्रसेनी देवी की स्थापना की। आगे चलकर उनके नाम पर चंद्रपुर नगर बसा। आज चंद्रसेनी देवी छत्तीसगढ़ और ओडिशा की अधिष्ठात्री देवी हैं। यहां प्रति वर्ष बड़ी धूमधाम से नवरात्र पर्व में पूजा अर्चना की जाती है। यहां जेवरहा परिवार को पूजा का अधिकार दिया गया है। अष्टमी के दिन यहां बलि देने की प्रथा है। यहां शुरू से ही भैंसे की बलि दी जाती है और नवमीं को विजय खुशी मनाते हुए विजयादशमी पर्व उत्साह के साथ मनाया जाता है।

**ऐतिहासिकः गौकरण मानिकपुरी**

# भाठीगढ़ में सैकड़ों वर्षों से मनाया जा रहा है दशहरा पर्व

छत्तीसगढ़ में गरियाबंद जिले के वि.ख. मैनपुर अंतर्गत ग्राम भाठीगढ़ में सैकड़ों वर्ष पहले से दशहरा पर्व मनाया जा रहा है। स्थानीय निवासी इसे देव दशहरा के नाम से जानते हैं, क्योंकि दशहरा के दिन विधि विधान से देवी देवताओं को आमंत्रित किया जाता है। देव दशहरा पर्व चार दिन तक मनाई जाती है जिसमें माता बम्हनीन, मां काला कुंवर, माता पाठ देवी, माता भाठीगढ़ीन और माता दंतेश्वरी के साथ 52 ग्राम के आमंत्रित देवी देवता की पूजा अर्चना की जाती है। इन चार दिनों में इस स्थल पर मेला जैसा माहौल होता है जिसमें दूर दूर से भक्त अपनी आस्था प्रकट करने आते हैं। पूजा अर्चना में विशेष रूप से सोनपत्ती के रूप में शमी वृक्ष की पत्ती चढ़ाई जाती है। खासकर तलवार और अन्य हथियारों की भी पूजा की जाती है। पूजा अर्चना की समाप्ति पश्चात देवी पर चढ़े सोनपत्ती को भक्तों पर वर्षा कर दशहरा पर्व मनाई जाती है। रामलीला का आयोजन भी इस अवसर पर किया जाता है।



खासकर विजय दशमी के दिन देवी देवताओं की अनुमति के बाद ग्रामीण अंचल के देवी देवताओं के डोली , डांग , सांगा बाना और खड़क के साथ बाजा गाजे के साथ भाटीगढ़ पहुंचते हैं। दूर दूर से व्यापारी भी व्यवसाय करने यहां पहुंचते हैं।

**धार्मिक**
**डा. राजेश पाण्डेय**

## प्राचीन कलाकृति को संजोए भीम कीचक मंदिर

मल्हारगढ़ के प्रवेश द्वार पर लगा हुआ लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह के पास एक भूरा पत्थरों से विशालकाय 6 वीं-7 वीं निर्मित मंदिर खड़ा हुआ है। जिसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के रिकॉर्ड में भीम कीचक मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर की खुदाई 1979 में की गई। इसके पूर्व एक टीला हुआ करता था, जिसके ऊपर में विशाल इमली का पेड़ था। जब पेड़ गिरा तब मंदिर का मलवा सामने आया। पश्चिमाभिमुख इस मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित शिवलिंग जलहरि को देखने से पता चलता है कि यह मंदिर शिवजी को समर्पित है। इस मंदिर के प्रवेश द्वार पर भी आजू बाजू में गंगा यमुना, भारवाहक की सुंदर मूर्तियां हैं। मंदिर प्रांगण स्थित एक कमरे में अर्धनारीश्वर भगवान दत्तात्रेय, माता अनसूईया रामायणकालीन राम बाली युद्ध, माता दुर्गा सहित अन्य दुर्लभ प्रतिमाएं हैं।





**पुरातात्विक : डा. पुष्पा तिवारी**

# कल्चुरीकालीन शाक्त प्रतिमाएं



दक्षिण कोसल क्षेत्र में शक्ति उपासना का परिचय अभिलेखों एवं अन्य कलाकृतियों से प्राप्त होता है। पार्वती, शैलदुहिता, दुर्गा, पर्वतसुता, गौरी, एकवीरा के मंदिर दक्षिण कोसल की विशेषता है। बिलासपुर के पुजारीपाल से प्राप्त गोपालदेव के शिलालेख में देवी के अनेक नामों में उनकी वंदना की गई है। यथा - वाराही, भुजंगवल्या, त्रयि, जया, विजया,तारा,विंध्यवासिनी, महामाया, महाकाली, चंडिका, कामाक्षी जैसे अनेक नाम हमें मिलते हैं। माता दुर्गा की प्रतिमाएं प्रमुख रूप से दो स्वरूपों में प्राप्त होती है। सप्तमातृकाओं की मूर्तियां दक्षिण कोसल के देवी मंदिरों की ही नहीं वरन सभी मंदिरों की विशेषता रही है। कहीं





कहीं मातृकाएं की संख्या आठ और नौ भी पाई गई हैं। रायपुर संग्रहालय में डीपाडीह से उपलब्ध चतुर्भुजी पार्वती की प्रतिमा संरक्षित है जो बारहवीं सदी की मूर्ति कला पर प्रकाश डालती हैं। प्रतिमा के दोनों हाथों में आयुध स्पष्ट है तथा निचले दाएं हाथ में अक्षमाला एवं निचले बाएं हाथ में कमण्डल है। पार्वती के दोनों ओर परिचारिकाएं हैं। नंदी देवियों को भी शक्ति रूप में स्वीकार किया गया है। सौम्य रूप में गौरी की अनेक प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं। इनमें प्रमुखता से गौरी को तप करते हुए चित्रित किया गया है। लाफा की पहाड़ी पर कल्चुरीकालीन महिषासुर मर्दिनी का मंदिर आज भी अपनी गौरव गाथा सुना रहा है। अतः नारी सौंदर्य के माध्यम से मूर्ति कला को पूर्णता प्रदान की गई है।

आरबीआई ने बैंकों को कार्यशील पूंजी ऋण देने की दी अनुमति

# सोने का कच्चेमाल के रूप में उपयोग करने वाले विनिर्माताओं को कार्यशील पूंजी ऋण की अनुमति

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को कच्चे माल के रूप में सोने का उपयोग करने वाले विनिर्माताओं को आवश्यकता-आधारित कार्यशील पूंजी ऋण देने की अनुमति दे दी है। यह प्रावधान वर्तमान में केवल जौहरियों के लिए उपलब्ध है। बैंकों पर आमतौर पर किसी भी रूप में सोना/चांदी खरीदने या प्राथमिक सोने/चांदी की गारंटी पर ऋण देने से प्रतिबंध है।

■ यह प्रावधान वर्तमान में केवल जौहरियों के लिए उपलब्ध

आरबीआई ने हालांकि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को आभूषण विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी ऋण देने के लिए छूट दी है। सोमवार को जारी भारतीय रिजर्व बैंक (स्वर्ण एवं रजत गारंटी पर ऋण) (प्रथम संशोधन) निर्देश 2025 ने ऐसे उधारकर्ताओं की आवश्यकता-आधारित कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए छूट का दायरा बढ़ाया है जो अपने विनिर्माण या औद्योगिक प्रसंस्करण गतिविधियों में कच्चे माल के रूप में सोने का उपयोग करते हैं।

### खास बातें

- बैंकों पर किसी रूप में सोना-चांदी खरीदने की गारंटी पर ऋण देने से प्रतिबंध है
- आरबीआई ने एससीबी को आभूषण विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी ऋण देने के लिए छूट दी



### सभी निर्देश 1 अक्टूबर से लागू होंगे

केंद्रीय बैंक ने विदेशों में विदेशी मुद्रा/रुपया मूल्यवर्गित बांड में मूल्यवर्गित सतत ऋण उपकरणों (पीडीआई) पर लागू मौजूदा पात्र सीमा को संशोधित करने से जुड़े निर्देश भी जारी किए। इससे बैंकों को विदेशी बाजारों के माध्यम से अपनी 'टियर-1' पूंजी बढ़ाने के लिए अधिक गुंजाइश मिलती है। ये सभी निर्देश एक अक्टूबर 2025 से लागू होंगे।

### वाणिज्यिक बैंक भी पूंजी प्रदान कर सकते हैं

निर्देशों में कहा गया, " .. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक या 'टियर' तीन या चार 4 यूसीबी उन उधारकर्ताओं को आवश्यकता-आधारित कार्यशील पूंजी वित्त प्रदान कर सकते हैं जो सोने या चांदी का उपयोग कच्चे माल के रूप में या अपने विनिर्माण या औद्योगिक प्रसंस्करण गतिविधि में कच्चे माल के तौर पर करते हैं जिसके लिए ऐसे सोने या चांदी को सुरक्षा के रूप में भी स्वीकार किया जा सकता है।"

### निवेश या सट्टा उद्देश्य के लिए सोना न खरीदे

'टियर' तीन व चार यूसीबी से तात्पर्य ऐसे शहरी सहकारी बैंक से हैं जो 1,000 करोड़ रुपये से अधिक और 10,000 करोड़ रुपये (टियर 3) या 10,000 करोड़ रुपये से अधिक (टियर 4) की जमा राशि वाले हैं। इस तरह का वित्त प्रदान करने वाले बैंक को यह सुनिश्चित करना होगा कि उधारकर्ता निवेश या सट्टा उद्देश्यों के लिए सोना न खरीदें या न रखें।

### ऋणदाताओं को अधिक लचीलापन प्रदान

केंद्रीय बैंक ने उधारकर्ताओं को लाभान्वित करने और ऋणदाताओं को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (अग्रिमों पर ब्याज दर) (संशोधन निर्देश) 2025 भी जारी किया है। मौजूदा मानदंडों के अनुसार, बैंकों को सभी परिवर्तनशील (फ्लोटिंग) दर वाले व्यक्तिगत या खुदरा ऋणों (आवास, मोटर वाहन) और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) को दी गई परिवर्तनशील दर वाले ऋणों को रेपा दर जैसे बाह्य दरों से जोड़ना आवश्यक होगा।

### ऋण जोखिम तीन वर्षों में एक बार बदला जा सकेगा

यद्यपि बैंक बाह्य रेपो दर पर प्रसार का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं, ऋण जोखिम 'प्रीमियम' के अलावा, प्रसार के सभी घटकों को तीन वर्षों में केवल एक बार ही बदला जा सकता है। अग्रिमों पर ब्याज दर पर संशोधित निर्देशों में कहा गया, " बैंक उधारकर्ता के लाभ के लिए अन्य प्रसार घटकों को तीन वर्ष से पहले कम कर सकते हैं।"

### निश्चित दर पर स्विच आन करने का विकल्प

इसके अलावा इसमें कहा गया कि बैंक अपने विवेकानुसार, पुनर्निर्धारण के समय निश्चित दर का चयन करने (स्विच करने) का विकल्प प्रदान कर सकते हैं। समान मासिक किस्तों (ईएमआई) आधारित व्यक्तिगत ऋणों के संबंध में वर्तमान मानदंडों के अनुसार, बैंकों को ब्याज दरों के पुनर्निर्धारण के समय उधारकर्ताओं को एक निश्चित दर का चयन करने के लिए एक अनिवार्य विकल्प प्रदान करना आवश्यक है।

# पीपीएफ समेत लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को एक अक्टूबर, 2025 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए पीपीएफ और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। यह लगातार सातवीं तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (एक अक्टूबर, 2025 से 31 दिसंबर, 2025) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025) के लिए अधिसूचित दरों पर बनी रहेंगी।''अधिसूचना के अनुसार, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज चालू तिमाही में मौजूदा 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रहेगा। नौकरीपेशा में लोकप्रिय लोक भविष्य निधि (पीपीएफ) और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार हैं।

■ लगातार सातवीं तिमाही में ब्याज दरों को यथावत रखा गया

### अरुण अलगप्पन फिर चुने गए एसआईसीसीआई अध्यक्ष



चेन्नई। कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड के कार्यकारी चेयरमैन अरुण अलगप्पन को फिर से साउथर्न इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) का अध्यक्ष चुना गया है। एसआईसीसीआई की मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शहर में आयोजित 115वीं वार्षिक आम बैठक में वीएनएस लीगल के संस्थापक वी. एन. शिव शंकर को फिर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष जबकि एएमपीए समूह के प्रबंध निदेशक एएमपीए पलानीअप्पन को उपाध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है।

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**
**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001**

**विज्ञापन सं. 05/2025**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर- इम्टैक), चंडीगढ़ के निदेशक के पद हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 05/2025 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 30/10/2025 से पहले भेजें।

**cbc36202/12/0018/2526**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**शुद्धिपत्र**

ई-निविदा संख्या:204-एसएनटी-परियोजना-निविदा-2025, दिनांक: 06.09.2025. शुद्धिपत्र-1: उपरोक्त निविदा संख्या में शुद्धि पत्र– 1 दिनांक 26.09.2025 को जारी किया गया है। निविदा खुलने के दिनांक में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण, ई-निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उससे देख सकते है।

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी./
सीपीआर/10/351 (परि.-II)बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

नगरपालिका का समस्त कर समय पर भुगतान कर सहयोग करें। पालिथीन का उपयोग न करें। नगर को स्वच्छ रखे।

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद अकलतरा, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
E-mail ID: cmoakaltara@rediffmail.com

क्रमांक/1316/राजस्व/न.पा.प./2025 — अकलतरा, दिनांक 29-09-2025

**नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद अकलतरा अधीनस्थ निर्यात कर की नीलामी बोली वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 तक के लिए दिनांक 17-10-2025 को समय 12:00 बजे कार्यालय भवन अकलतरा में सुनिश्चित किया गया है। बोलीकर्ता तालिका में दर्शित अनुसार अमानत राशि एवं राजस्व विभाग द्वारा जारी शोध क्षमता प्रमाण-पत्र या शोध क्षमता प्रमाण पत्र के अभाव में टीडीआर नीलामी बोली दिवस के दो दिन पूर्व सायं 5.00 बजे तक प्रस्तुत करने पर ही बोली में भाग लेने का हकदार होंगे। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ठेका का विवरण | सरकारी बोली | अमानत राशि (टीडीआर द्वारा) | शोध क्षमता प्रमाण पत्र/ टीडीआर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्यात कर | 34,44,000.00 | 1,72,200.00 | 4,00,000.00 |

टीप : नियम एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस / अवधि में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अकलतरा, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdogmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/कसडोल मंडी/02/25-26/5206 — रायपुर, दिनांक 29/09/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रपत्र "अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि- 24.10.2025 फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि- 31.10.2025**

| क्र. | कार्य का नाम/ स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| | कृषि उपज मंडी समिति कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत कंजिया के आश्रित ग्राम बिटकुली मे विभिन्न निर्माण कार्य :- | | |
| 1 | ग्राम बिटकुली से नवाडीड पहुँच मार्ग में सी.सी. रोड निर्माण। | 61.02 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |
| 2 | ग्राम बिटकुली हाट बाजार में कव्हर्ड प्लेटफार्म 05 नग, ओपन प्लेटफार्म 05 नग, ऐरिया डेव्हलपमेट (2020 वर्ग मी.) निर्माण। | 42.72 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दि. 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |
| 3 | ग्राम बिटकुली में सामुदायिक भवन निर्माण। | 12.80 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/-
सचिव, कृषि उपज मंडी समिति कसडोल
जिला बलौदाबाजार भाटापारा

सही/-
भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति कसडोल
जिला बलौदाबाजार भाटापारा

संवाद- 45427

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./ निर्माण/2025 — दिनांक 23.09.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-


| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 49 अंतर्गत राजीव नगर में राम नारायण घर से लीला नायक घर तक, गौरा चौरा से दुर्गा पंडाल तक एवं अरखित साहू घर से आर डी सिंह घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) (द्वितीय निविदा) | 15.00 | 08.10.2025 (T.No. 176382) |
| 2 | वार्ड 54 जमनीपाली अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सी सी रोड निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) (द्वितीय निविदा) | 10.00 | 08.10.2025 (T.No. 176384) |
| 3 | वार्ड क्र. 48 सेंगीपाली नवापारा साहू घर के बगल में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) (तृतीय निविदा) | 10.00 | 08.10.2025 (T.No. 176386) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।
।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा
(छत्तीसगढ़)

### रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की सतत निकासी के दबाव में रुपया मंगलवार को चार पैसे टूटकर 88.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने हालांकि कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा में भारी गिरावट टल गई। उन्होंने साथ ही बताया कि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति के फैसले से पहले सतर्क हैं जिसकी घोषणा बुधवार को की जाएगी।

**न्यायालय कलेक्टर, जिला-सरगुजा (अम्बिकापुर) छत्तीसगढ़**

रा०प्रक्र० 94/ब-121/2023-2024

**- ईश्तहार/सूचना पत्र -**

आवेदक **छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा अम्बिकापुर** द्वारा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी **श्री गोविन्द विश्वकर्मा आ० श्री शिवचरण विश्वकर्मा**, निवासी- ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन व प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकरण अनावेदक (1) **मानवेंद्र सिंह गौर आ० रोशन सिंह गौर**, निवासी- रामनिवास कॉलोनी, राजमोहिनी देवी वार्ड, अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा छ०ग० के इस न्यायालय में उपस्थिति के लिये प्रकरण **दिनांक 09.10.2025** को नियत है।

अतः अनावेदक को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **दिनांक 09.10.2025** को इस न्यायालय में दिन के **12:00 बजे** अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर अनावेदक के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

आज **दिनांक 29/09/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।
(कलेक्टर सरगुजा द्वारा आदेशित)

प्रभारी अधिकारी
कलेक्टर वाचक शाखा

**कार्यालय संचालक मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग**
इन्द्रावती भवन, विभागाध्यक्ष कार्यालय, ब्लाक नं.1 द्वितीय तल
नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर छ.ग.)
E-Mail-govtprintingstationerydept@gmail.com
नवा रायपुर अटल नगर-492002, दूरभाष: कार्यालय 2331302

विज्ञप्ति क्रमांक 555/स्था./सीधी भर्ती/2025 — दिनांक: 29/09/2025

**-: विज्ञापन :-**

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 2-08/2021/सात-4 नवा रायपुर दिनांक 28 मार्च 2024 में दिये गये निर्देशानुसार सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने की सहमति दिये जाने के उपरांत आनलाईन आवेदन छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के माध्यम से वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जाते है। पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | पद का नाम | कुल पदों का योग | वेतन मैट्रिक्स में लेवल |
|---|---|---|---|
| 1 | डी.टी.पी. ऑपरेटर | 5 | लेवल 7 |
| 2 | ग्राफिक्स आर्ट डिजाईनर | 1 | लेवल 6 |

टीप:- 1. विज्ञापित किये गये पदों की रिक्तियों की सख्या में परिवर्तन भी हो सकता है। 2. उपरोक्त पदो के संबंध में विस्तृत विज्ञापन, परीक्षा का पाठ्यक्रम, एवं परीक्षा कार्यक्रम आनलाईन आवेदन की विधि तथा अन्य विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है। 3. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए की जाने वाली चयन उपरांत नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होगी।

(संचालक महो. द्वारा अनुमोदित)

संयुक्त संचालक
मुद्रण तथा लेखन सामग्री
छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर

जी 252603877/2

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग**
**बलरामपुर जिला-बलरामपुर- रामानुजगंज (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 29.09.2025 निम्नलिखित कार्यो के लिये दिनांक 21.10.2025 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 176663 | सूर्या व्यपवर्तन योजना के वियर बॉडी, फ्लोर, कटाऑफ का जीर्णोद्धार, एवं वियर बॉडी का रिटर्न वॉल, प्रोटेक्शन वॉल और मुख्य नहर में आर.डी. 0 मी. से 850 मी. के बीच आर.सी.सी. चैनल का निर्माण और मुख्य नहर में आर.डी. 0 मी. से 2310 मी. के बीच मिट्टी का कार्य। | रू. 342.87 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06-10-2025 समय 17.30 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोट: निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर,
बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

जी. 252603887/3

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**चांपा जिला- जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)**
**गौरव पथ रोड नया बस स्टेण्ड, नगर पालिका परिषद् चांपा के पास,**
**पिन कोड नं. 495671, ई- मेल eejan-phe-cg@gov.in**

निविदा क्रमांक 07/ले.शा/का.अ./ लो.स्वा.यां.वि./ 2025
जांजगीर-चांपा / दिनांक 29.09.2025

**ऑन लाईन प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला-जांजगीर-चांपा अंतर्गत विकासखण्ड बम्हनीडीह के नगर सारागांव की आवर्धन जलप्रदाय योजनान्तर्गत डी.आई. क्लास के 7 कुल 3500 मीटर विस्तार कार्य की निविदा प्रतिशत दर फार्म "अ" में निम्नानुसार आमत्रित की जाती है:-

| सिस्टम नं. | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|
| 176806 | 82.48 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी आन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.10.2025 से दिनांक 23.10.2025 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में अगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रो में प्रकाशित नही किए जावेंगे। अत: निविदाकार आनलाईन निविदा प्रक्रिया में सतत संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड जांजगीर चांपा में देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जी. 252603865/3

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता

## शब्द पहेली - 6005



**बाएँ से दाए**
1.अपनापन का विलोम-5
4.हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7.गीत (अंग्रेजी-2)
8.गलीचा,कारपेट-3
9.किनारा,छोर-2
10.झगड़ा,कहासुनी-4
11.समय,वक्त-2
13.बेबस-3
14.राष्ट्र,स्वदेश-2
15.पुत्र,लड़का-3
17.प्राप्त करना-2
19.सेंधमार-5
22.चरित्र,व्यवहार-2,3
25.जीव,दूत,जासूस-2
26.आत्मबलि देना-3
28.ताकत,जोश,बल-2
29.कराह,टीस,लालसा-3
30.वहम,संदेह-2
32.आह भरना-4
34.दूर्वा,घास-2
36.चोंगा,गाऊन-3
37.सफर,जात्रा-2
38.दयालु,कृपालु-4
39.निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.पांव, पैर-2
2.भिखारी,मंगता-3
3.अस्वीकृत करना-3,2
4.माला का मोती-3
5.बुरी आदत-2
6.नाटक से परिपूर्ण-4
7.हल्का काला,श्याम-5
10.व्यवस्थित-4
12.बुरी आदत-2
16.अनुकृति-3
17.तांबूल,पत्ता-2
18.रुखसार,कपोल-2
20.डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21.जोड़,योग-2
22.चतुर्थ-2
23.आनंद ध्वनि करना-4
24.महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25.चमकीला-5
26.नीच,नराधम -4
27.विनाश, नेस्तनाबूत-2
31.रंग (अंग्रेजी-3)
33.पराजित करना-3
35.गौरैया, एक चिड़िया-2
37.दोस्त,मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6004 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6015

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6014 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जैन विदा, विकासशील ...

और रायपुर जिले के कलेक्टर रहे हैं। वे स्कूल शिक्षा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सामान्य प्रशासन और स्वास्थ्य विभागों के सचिव पद पर तैनात रहे। इसके अलावा, वे अप्रैल 2007 से अप्रैल 2008 तक राजधानी रायपुर के कलेक्टर भी रहे हैं। वर्ष 2018 से वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भारत सरकार में रहे। उन्होंने केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में जल जीवन मिशन के मिशन डायरेक्टर के पद पर अपनी सेवाएं दीं। विकासशील का जन्म 10 जून 1969 को हुआ था। उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से बीई और फिर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से एमई किया। उन्होंने सिरैक्यूज़ यूनिवर्सिटी, अमेरिका से लोक प्रशासन में मास्टर और एक्जीक्यूटिव मास्टर डिग्री और स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन एवं नीति में एडवांस्ड स्टडी का सर्टिफिकेट कोर्स किया है।

### दयानंद सीएम के ...

सचिवालय में विभिन्न कार्य और उनके महत्वपूर्ण प्रशासनिक मामलों में कार्य अधिक होने की वजह से वे ध्यान नहीं दे पा रहे थे। ऐसे में उनसे जनसंपर्क विभाग वापस लिया गया है। खनिज विभाग उनके पास है। यह विभाग भी मुख्यमंत्री के पास है, जिसमें कई नए सर्वेक्षण के कार्यों की योजना बनी है। सरकार को दो साल पूरे होने को है। अब प्रशासनिक कार्यों में गतिशीलता लाने नए सिरे से कार्ययोजना बनाई जा रही है।

### रोहित को मिला ...

हालांकि वे उर्जा विभाग और सीजीपीडीसीएल का कार्य भी देख रहे हैं।

### रेणु व्यापमं अध्यक्ष,...

के पद पर पदस्थ किया गया है। **ऐसी रही है परंपरा-** मंत्रालय में सहूलियत के हिसाब से कामकाज के लिए आमतौर पर मुख्य सचिव की पदस्थापना के साथ ही उनसे वरिष्ठ अफसरों को बाहर पदस्थापना दी जाती है। नए मुख्य सचिव विकासशील से वरिष्ठताक्रम में आगे रेणु जी पिल्ले और सुब्रत साहू को मंत्रालय से बाहर पदस्स्थापना दे दी गई है। दो अन्य वरिष्ठ अफसर ऋचा शर्मा और मनोज कुमार पिंगुआ का दिल्ली जाना तय है। सचिव पद पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए दोनों इम्पैनल्ड हैं। **17 आईएएस डेपुटेशन पर-** छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अमित अग्रवाल, निधि छिब्बर, डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी, गौरव द्विवेदी, अंबलगन पी., अलरमेल मंगई डी, संगीता पी., प्रसन्ना आर., अलेक्स पाल मेनन, केसी देव सेनापति, नीरज बंसोड़, सौरभ कुमार, अय्याज तंबोली और कार्तिकेय गोयल, ऋचा प्रकाश चौधरी, नम्रता गांधी डेपुटेशन पर हैं। सर्वेश भूरे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले 17वें आईएएस होंगे।

### फेरबदल में ये...

वाणिज्यकर
भुवनेश यादव सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन (अन्य प्रभार यथावत)
कुलदीप शर्मा एमडी छग वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन (अन्य प्रभार यथावत)
रवि मित्तल संचालक विमानन (अन्य प्रभार यथावत)
डॉ. फरिहा आलम संचालक खाद्य, संयुक्त सचिव शिक्षा
जितेंदर यादव कलेक्टर राजनांदगांव
लोकेश कुमार उप सचिव श्रम (अन्य प्रभार यथावत)
पठारे अभिजीत बबन सीईओ जिला पंचायत रायगढ़

### छग के जिन...

आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में यूजीसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल हैंडल से एक पोस्ट साझा किया है। यूजीसी ने इन 54 विवि की लिस्ट सार्वजनिक कर सभी को नोटिस भी जारी किया है। नोटिस में निर्देश दिए गए हैं कि यूजीसी की गाइडलाइन का पालन किया जाए।

### जमा करने थे...

अभिभावकों और आम जनता को प्रवेश संबंधित सही निर्णय लेने में मदद करते हैं।

### छग में जुटेंगे...

में देशभर के सभी राज्यों के पुलिस प्रमुख, नक्सल ऑपरेशन से जुड़े अधिकारी, केंद्रीय सुरक्षा बलों और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

### बिहार में पूरा...

मतदाताओं को हटाया गया, जबकि 21.53 लाख नए मतदाता जोड़े गए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूरक सूचियां प्रकाशित होने के बाद अंतिम आंकड़े में थोड़ा बदलाव हो सकता है। निर्वाचन आयोग की इस कवायद का विपक्ष ने तीखा विरोध किया है और आयोग पर सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। आयोग ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

## स्वयंगति थ्री व्हीलर की कीमत सिर्फ 4 लाख रुपए

# अब भारत की सड़कों पर दौड़ेगा बिना ड्राइवर वाला ऑटो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय ऑटो मार्केट में ओमेगा सीकी मोबिलिटी ने दुनिया का पहला ऑटोनॉमस इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर 'स्वयंगति' लांच किया है। इस थ्री-व्हीलर की कीमत सिर्फ 4 लाख रुपए से शुरू होती है, जिसे कमर्शियल इस्तेमाल में लाया जा सकता है।

- इस ऑटो को व्यावसायिक उपयोग के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है

ओमेगा सीकी मोबिलिटी ने स्वयंगति को ओएसएम के इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म और एआई-आधारित ऑटोनॉमी सिस्टम पर तैयार किया है। इस ऑटो को शॉर्ट डिस्टेंस ट्रांसपोर्ट जैसे एयरपोर्ट, स्मार्ट कैंपस, इंडस्ट्रियल पार्क और भीडभाड़ वाली जगहों पर बिना ड्राइवर के आसानी से चलाया जा सकता है।



### सेफ्टी कंट्रोल्स जैसे फीचर्स

ओमेगा सीकी मोबिलिटी के इस थ्री-व्हीलर में एआई-बेस्ड ऑब्स्टेकल डिटेक्शन, मल्टी-सेंसर नेविगेशन और रिमोट सेफ्टी कंट्रोल्स जैसे फीचर्स दिए गए हैं। खास बात यह है कि इस इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा को एयरपोर्ट, टेक पार्क्स, स्मार्ट सिटीज, कैंपस और इंडस्ट्रियल हब को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

### टेस्टिंग और सेफ्टी

वाहन पहले ही 3-किमी ऑटोनॉमस रूट पर चरण-1 की टेस्टिंग पूरी कर चुका है। जिसमें 7 स्टॉप्स, रियल-टाइम ऑब्स्टेकल डिटेक्शन और बिना मानव हस्तक्षेप के सुरक्षित पैसेंजर मूवमेंट शामिल हैं। चरण 2 में नियंत्रित वातावरण में वाणिज्यिक रोलआउट शुरू होगा।

### भविष्य की दिशा तय करेगा

कंपनी के फाउंडर उदय नारंग के मुताबिक, स्वयंगति की लांचिंग सिर्फ एक प्रोडक्ट मार्केट में आना नहीं है बल्कि ये भारत के ट्रांसपोर्टेशन के भविष्य की दिशा को तय करने वाला कदम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऑटोनॉमस व्हीकल कोई सपना नहीं है बल्कि आज लोगों की जरूरत है। इससे साबित होता है कि एआई और लिडर जैसी टेक्निक भारत में देश के लिए और सस्ती कीमत पर बनाई जा सकती है।

### कारगो वेरिएंट की कीमत

ओमेगा सीकी मोबिलिटी के पैसेंजर वेरिएंट की कीमत 4 लाख रुपए और कारगो वेरिएंट की कीमत 4.15 लाख रुपए है। अभी इसके कारगो वेरिएंट को लांच नहीं किया गया है, लेकिन इसे जल्द ही पेश किया जा सकता है।

### 120 किलोमीटर तक रेंज

थ्री-व्हीलर में दी गई बैटरी एक बार चार्ज होने के बाद 120 किलोमीटर तक की ड्राइविंग रेंज देगी। इसमें कई बेहतरीन और एडवांस फीचर्स दिए गए हैं। दुनिया के पहले ऑटोनॉमस इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर स्वयंगति में लिडर और जीपीएस दिया गया है।

## सोना, चांदी के भाव नए शिखर पर



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, सोना 500 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोने का भाव सोमवार को 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था।

स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में इसकी कीमत 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इसके अलावा मंगलवार को चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। सोमवार को यह 7,000 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

## शेषसाई टेक्नोलॉजीज तीन प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** भुगतान समाधान प्रदाता शेषसाई टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर अपने 423 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 3.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 436 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 2.12 प्रतिशत चढ़कर 432 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,747.30 करोड़ रुपये रहा। शेषसाई टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के 813 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत बृहस्पतिवार को बोली के अंतिम दिन 68.13 गुना अभिदान मिला था।

### MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(Call-1st Call)

NIT NO: 984 RAIPUR — DATED : 29/09/2025

Online bids are invited for the following works up to 23/10/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable Amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 176842 | जोन क्र. 06 अंतर्गत कार्य करने हेतु 1 स्वच्छता निरीक्षक एवं 23 वाहन चालक, भारी वाहन, प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य। | 4635840.00 |
| 02 | 176843 | जोन क्र. 06 अंतर्गत जल प्रदाय विभाग में कार्य करने हेतु कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 13 अर्द्धकुशल एवं 15 कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का बाबत् । | 5070360.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 29/09/2025, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

Note:-
1. All eligible/ interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System.
*Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE NO. 06
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. /निर्माण/2025 — दिनांक 24.09.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत कोरबा जोन अंतर्गत 15 नग नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य (जिला खनिज न्यास मद) (द्वितीय निविदा) | 195.00 | 10.10.2025 (T.No. 176479) |
| 2 | वार्ड क्र. 10 अंतर्गत स्थित शा.प्रा. शाला बरबसपुर में नवीन भवन का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या. मद) (चतुर्थ निविदा) | 16.95 | 10.10.2025 (T.No. 176429) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

अहलूवालिया हॉस्पिटल
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

सभी प्रकार की एलर्जी — डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital — Chest & Allergy Centre — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल — आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल — डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA — भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम — ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी सुखौना टेबलेट — 20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक — मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेशलिटी डायग्नोस्टिक
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007 मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर — लैब केयर डायग्नोस्टिक्स — Lab Care Diagnostics — Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवाएं उपलब्ध है। 50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

### आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु हिन्दी अंग्रेजी टाइपिंग, वर्ड एक्सेल, टेंडर कार्य में 5वर्ष अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर। वेतन योग्यतानुसार पता श्रीसाईं सिक्युरिटी, जेजे. हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9993057964, 8253010291, 8085233213, 7417526041 (38808)

**आवश्यकता है-** सुबह से शाम तक घर में सात्विक शाकाहारी खाना बनाने, अन्य घरेलू कार्य हेतु लड़की चाहिए। शिक्षा 12वीं वेतन योग्यता अनुसार पता-बी-18, रामा लाइफ सिटी सकरी बिलासपुर 8319817966, 9893081826 (38802)

**आवश्यकता है-** सीए आफिस में चपरासी की आवश्यकता है। सुबह 8.30 से शाम 6बजे तक, 10वीं पास, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सीए दिनेश अग्रवाल मेन रोड विद्या नगर बिलासपुर 7440969033, 7869354218 (38795)

**आवश्यकता है-** मेट्रो स्टूडियो में फोटोग्राफी कार्य करने के लिये लड़कों की आवश्यकता है वेतन 7000 से 10000 तक सम्पर्क करें- मेट्रो स्टूडियो, प्रताप चौक, राम सेतु पुल के पास बिलासपुर 9685223336 (3177)

**Requirment-** Sales Executive Qualification Bachelor Degree, 1-3yrs sales experience must Interview Date 04.10.2025, Saturday Time 11Am to 2Pm Place R-creative Construction, Off.-3, Second Floor CLC Plaza, Mangla Chowk Bilaspur 8827327345, 7646832807 (38806)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक में कार्य करने हेतु असिस्टेंट मेल या फीमेल एवं रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रेम आपर्टमेंट स्वीमिंग पुल ग्राउण्ड के सामने मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 9111052333 (15337)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल हेतु ठेकेदारी में भारी मात्रा में सुरक्षागार्ड की। वेतन शासकीय नियम अनुसार अपने मूल दस्तावेजों सहित समपर्क करें- सिक्योरिटी ऑफिस मेन गेट अपोलो हॉस्पिटल लिंगियाडीह बिलासपुर 9981614171, 7999964058 (38809)

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य,बिलिंग, प्रोडक्ट मैनैजमेंट हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए योग्यता डीसीए, बीसीए वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-शिवा इन्टरप्राइजेस अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 9575900007 (38801)

**आवश्यकता है-** रेडिमेड कपड़ा शोरूम में बच्चो का काउन्टर संभालने के लिये 3वर्ष के अनुभवी युवक सेल्समैन चाहिये वेतन 9000 से अधिक सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी एनएक्स सदर बाजार बिलासपुर (38797)

**आवश्यकता है-** अम्माजी ट्रेडर्स में फील्ड कार्य हेतु सेल्स एवं कलेक्शन (रिकवरी) कार्य हेतु युवक की आवश्यकता है सम्पर्क करें-भगत सिंह कॉम्प्लेक्स के पीछे, दीनदयाल गार्डन के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 9685138652, 9098185147 (297)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के लड़कियों की पद संख्या 790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 27500+ 56500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे- सचिन शर्मा 7054311719 (1169)

### बेचना

**बेचना है-** रनिंग दवाई दुकान का रैक, काउन्टर, फ्रिज सीसीटीवी कैमरा कम्प्यूटर सेटअप सहित बेचना है। सम्पर्क करें- 8103450537 (38803)

### शैक्षणिक

**शैक्षणिक-** मैट्स विश्व विद्यालय मुक्त दूरवर्ती ऑन लाइन एजुकेशन शासकीय सेवा में मान्य, डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, एमसीए, बीए, एमए, बीकॉम, एमकॉम, बीबीए, एमबीए, बीलिब, इनफॉर्मेशन सेन्टर- राजेन्द्र नगर चौक, बिलासपुर 9516036581, 8959264581 (38718)

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330

CLASSIFIED RATE CARD — 01 अप्रैल 2025 से लागू — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.
ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| Edition | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप : कथुनिया को वैश्विक स्तर पर स्वर्ण मेडल की तलाश, फिर जीता रजत

## दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर जीता मेडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के योगेश कथुनिया ने को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की एफ 56 चक्का फेंक स्पर्धा में एक और रजत पदक जीता, जिससे वैश्विक स्तर पर अपने पहले स्वर्ण पदक की उनकी तलाश जारी रही। कथुनिया (28 वर्ष) ने दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर रजत पदक जीता। वह 2019 से सभी चार विश्व चैंपियनशिप में पदक जीत रहे हैं। कथुनिया ने पैरालंपिक खेलों (2021 और 2024) में दो रजत पदक के अलावा विश्व चैंपियनशिप में अपना लगातार तीसरा रजत पदक जीता। उन्होंने 2023 और 2024 में भी दो रजत पदक जीते थे। उन्होंने 2019 सत्र में कांस्य पदक भी जीता था।

कथुनिया ने 2023 हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में भी रजत पदक जीता था। विश्व रिकॉर्ड धारक ब्राजील के स्टार क्लॉडनी बतिस्ता ने 45.67 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। उनके सभी छह थ्रो कथुनिया के दिन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर थे। 2019 सत्र से शुरू हुई विश्व चैंपियनशिप में बतिस्ता का यह लगातार चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले तीन पैरालंपिक खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है। कथुनिया चार विश्व चैंपियनशिप और दो पैरालंपिक खेलों में ब्राजील के खिलाड़ी को नहीं हरा पाए हैं।




### घरेलू मैदान में पदक जीतना अलग अहसास

एफ56 श्रेणी उन एथलीटों के लिए है, जो फील्ड स्पर्धाओं में बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ग में विभिन्न एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिनमें अंग विच्छेदन और रीढ़ की हड्डी की चोट वाले एथलीट भी शामिल हैं। कथुनिया ने कहा, 'यह अलग एहसास है क्योंकि मैंने अपने घरेलू मैदान पर रजत पदक जीता है। मेरे परिवार के सदस्य यहां हैं और अपने परिवार के सामने प्रदर्शन करके बहुत खुश हूं। उन्होंने हमेशा मेरा बहुत साथ दिया है इसलिए यह मेरे लिए खास है।' पहले भी उन्होंने वैश्विक स्तर पर हर बार दूसरे स्थान पर रहने पर निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, 'पिछले छह-सात वर्षों से रजत पदक मेरे साथ जुड़ा हुआ है लेकिन पदक के रंग में कोई गिरावट नहीं आई है लेकिन कोई बात नहीं, मेरा समय (स्वर्ण पदक जीतने का) आएगा।'

### नौ साल की उम्र में हुआ गिलियन-बैरे सिंड्रोम



नौ साल की छोटी सी उम्र में कथुनिया को गिलियन-बैरे सिंड्रोम होने का पता चला था जो एक दुर्लभ स्व-प्रतिरक्षा विकार है। डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि वह फिर कभी नहीं चल पाएंगे और जल्द ही वह व्हीलचेयर पर आ गए। लेकिन तीन साल के भीतर वह फिर से चलने लगे इसका श्रेय उनकी मां मीना देवी को जाता है जिन्होंने अपने बेटे के इलाज के लिए फिजियोथेरेपी सीखी। कथुनिया हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं। उनके पिता भारतीय सेना में सिपाही थे इसलिए उन्होंने चंडीगढ़ के इंडियन आर्मी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की और नई दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से कॉमर्स में स्नातक की डिग्री हासिल की। कथुनिया ने कहा कि अगर बेल्ट को सख्ती से नहीं कसा जाता तो वह और बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। उन्होंने कहा, 'अधिकारी थोड़े सख्त थे। बेल्ट थोड़ी अधिक कसी हुई थी जिससे मूवमेंट में बाधा आती है और दूरी हमेशा कम से कम तीन से चार मीटर कम हो जाती है।' बैठकर थ्रो करने की स्पर्धाओं में एथलीटों को विशेष रूप से बनाए गए थ्रोइंग फ्रेम पर बैठकर छह मिनट में छह थ्रो करने होते हैं, जो पट्टियों से जमीन से बंधे होते हैं। एथलीट खुद को फ्रेम पर सुरक्षित रखने के लिए पट्टियों का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि नाभि के नीचे कोई भी हरकत जजों से कई तरह के फाउल का कारण बन सकती है।

## खबर संक्षेप



### हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे लुईस

**नई दिल्ली।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शुमार कार्ल लुईस को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का इवेंट दूत बनाया गया है। आयोजकों ने कहा कि नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी फर्राटा धावक और लंबी कूद के खिलाड़ी लुईस 12 अक्टूबर को दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। लुईस ने कहा, ' दौड़ संभावना और प्रगति की सार्वभौमिक भाषा है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जैसे आयोजन साबित करते हैं कि खेलों का जादू रिकॉर्ड और पदक से इतर है। यह जिंदगियां बदल देता है और सपने देखने के लिए प्रेरित करता है।' चार ओलंपिक खेलों में 9 स्वर्ण पदक जीत चुके लुईस ने 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर, ऊंची कूद और चार गुणा 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीते थे।

### खिताब जीत कर दिया पाकिस्तान को जवाब



**हैदराबाद।** एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरुआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था। तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। तिलक ने कहा,' शुरुआत में कुछ दबाव और तनाव था लेकिन मैंने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिए जीतना चाहता था। मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा।' उन्होंने कहा,' मैंने बेसिक्स पर भरोसा रखा, जो मैंने शुरुआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया।

### स्क्वॉश इंडियन : टोर्की और वालिद ने जीता खिताब

**बेंगलुरु।** मिस्र के उमर एल टोर्की और मेना वालिद ने 'एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 3' के खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसए चैलेंजर स्तर की इस प्रतियोगिता में टोर्की ने अपने हमवतन और तीसरी वरीयता प्राप्त सैफ शेनवी को 32 मिनट में 11-8, 11-8, 11-4 से हराया, जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त मेना ने मलेशिया की हरलीन टैन को 11-6, 11-5, 6-11, 11-8 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में भारतीयों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। सूरज कुमार चंद और अंजलि सेमवाल ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, जबकि ओम सेमवाल, सान्या वत्स, निरुपमा दुबे और शमीना रियाज क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे।



## महिला क्रिकेट विश्व कप : दोपहर 3 बजे से इंदौर में मुकाबला

# न्यूजीलैंड-आस्ट्रेलिया में भिड़ंत आज चैंपियंस टीमों में होगी कांटे की टक्कर

एजेंसी ▶▶| इंदौर

सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में बुधवार 1 अक्टूबर को न्यूजीलैंड की अनुभवी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। मौजूदा टी20 चैंपियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन आस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा। आस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम की जरुरतों के हिसाब से संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है।

### स्पिनर सोफी और जॉर्जिया उबर चुकी हैं चोटों से

बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम अपनी अपनी चोटों से उबर चुकी हैं। अब आस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन को देखना होगा कि अंतिम एकादश में उनकी जगह कैसे बनाई जाए। उन्हें देखना होगा कि वेयरहेम और अलाना किंग के रूप में दो लेग स्पिनरों को उतारा जाए या आक्रमण को विविधता देने के लिए मोलिनू को शामिल किया जाए। तेज गेंदबाजी में भी आस्ट्रेलिया के पास मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, एलिसे पैरी, ताहलिया मैकग्रा और डार्सी ब्राउन जैसे खिलाड़ी हैं।



### बल्लेबाजी का मजबूत स्तंभ जॉर्जिया वोल

बल्लेबाजी में बेथ मूनी, फीबी लिचफील्ड और एशले गार्डनर के साथ कप्तान एलिसा हीली को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी। भारत के खिलाफ ब्रिसबेन में 87 गेंद में 101 रन बनाने वाली जॉर्जिया वोल भी टीम में है, जिससे बल्लेबाजी मजबूत होगी। आस्ट्रेलिया ने विश्व कप से ठीक पहले भारत को द्विपक्षीय श्रृंखला में 2-1 से हराकर अपनी बल्लेबाजी मजबूत की है।

### न्यूजीलैंड को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

न्यूजीलैंड को इस आस्ट्रेलियाई टीम को हराने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा । पिछले साल यूएई में टी20 विश्व कप में मिली खिताबी जीत के बाद उपमहाद्वीप में अच्छे प्रदर्शन का उसे आत्मविश्वास मिला है। न्यूजीलैंड ने हालांकि मार्च में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेली है। इसके अलावा 2024 के बाद से वे भारत, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया से श्रृंखला हार चुके हैं। आस्ट्रेलिया हालांकि उन्हें हलके में लेने की गलती नहीं करेगा क्योंकि न्यूजीलैंड ने पिछले साल दस मैचों की हार का सिलसिला तोड़कर टी20 विश्व कप जीता था। उनके पास कप्तान सोफी डेवाइन, सूजी बेट्स, ली ताहुहू, एमेलिया केर और मैडी ग्रीन जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। वहीं जॉर्जिया प्लिमर, पोली इंगलिस , एडेन कारसन ओर इजी गेज जैसे युवा खिलाड़ी भी हैं ।

### टीम इस प्रकार

**आस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहेम।

**न्यूजीलैंड :** सोफी डेवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, एडेन कारसन, फ्लोरा डेवोनशर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हालीडे, ब्री इलिंग, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, जेस केर, एमेलिया केर, रोसमेरी मायेर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहू ।

### इंदौर में बारिश का साया

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को खेले जाने वाले आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। इसके मद्देनजर मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने इस मुकाबले के दौरान वर्षा की संभावित स्थिति से निपटने के लिए खास इंतजाम किए हैं। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक वीपी सिंह चंदेल ने बताया,'मॉनसून ने इंदौर से अब तक विदाई नहीं ली है। खम्भात की खाड़ी के ऊपर सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण के कारण शहर में तीन अक्टूबर तक हल्की बारिश के आसार हैं।' एमपीसीए के मीडिया प्रबंधक राजीव रिसोड़कर ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड विश्व कप मैच के दौरान बारिश की संभावित स्थिति से निपटने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं ताकि मुकाबले के दौरान मैदान और पिच सही-सलामत बने रहें।

## स्प्रिंट ट्रैक

# दिल्ली की मसालों से सुगंधित छतों पर बोल्ट ने लगाई दौड़



### पतंगबाजी के लिए प्रसिद्ध खारी बावली की विरासत वाली छतें बदली स्प्रिंट ट्रैक में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट ने दिल्ली के खारी बावली की छतों पर जब दौड़ लगाई तो एशिया के सबसे बड़े मसालों की बाजार की पृष्ठभूमि में इतिहास और खेल का ऐसा मिलन हुआ, जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा था। यह पहला मौका था जब अपने मसालों और पतंगबाजी के लिए प्रसिद्ध खारी बावली की विरासत वाली छतें एक स्प्रिंट ट्रैक में बदल गई। बोल्ट के साथ इस मौके पर पीवी सिंधू, पीआर श्रीजेश और अनिमेष कुजूर जैसे भारतीय ओलंपिक के सितारे भी शामिल थे।

बोल्ट ने कहा, 'पुरानी दिल्ली की मसालों से सुगंधित छतों पर दौड़ना मेरे लिए अनूठा अनुभव था। इतने ऐतिहासिक स्थल पर पीवी सिंधू, पीआर श्रीजेश और अनिमेष कुजूर जैसे भारत के बेहतरीन ओलंपियनों से साथ समय बिताना मेरे लिए ऊर्जा से भरने वाला रहा।'

### दौड़ ने संस्कृति और खेल को एक साथ जोड़ा

बोल्ट जहां मौजूद थे उस छत से लाल किला भी दिखाई दे रहा था और सुबह की धूप में मसाले सूख रहे थे। इस दौड़ ने संस्कृति और खेल को इस तरह से एक साथ जोड़ा, जो पहले कभी नहीं देखा गया था। भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज सिंधू ने कहा, 'पुरानी दिल्ली के खारी बावली में उसैन बोल्ट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दौड़ना प्रेरणादायक था। किसी खिलाड़ी के लिए वैश्विक दिग्गज के साथ इस तरह की जीवन में एक बार मिलने वाली रिले का हिस्सा बनना अविश्वसनीय जैसा है।

BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी / आरटीजीएस / बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक / नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित / निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(10-11-25): भिलाई जीई रोड; PBX2GOL13716566. भिलाई स्मृति नगर रोड; PLL2GOL13405720, 13741260. (11-11-25) बिलासपुर अग्रसेन चौक; PGJ8GOL13432251, 13477504, 13646848, 13822209. (12-11-25) बिलासपुर मुंगेली नाका; PCZ5GOL13559341, 13639811, 13661311. (13-11-25) बिलासपुर - सरकंडा; P42HGOL13466961, 13530373, 13803837. (14-11-25) कटघोरा - BGL; P25EGOL13525263, 13543130, 13674986, 13696123, 13712531, 13734765, 13747882, 13764223, 13825093, 13823763, 13822693. (17-11-25) कोरबा – सीएसईबी चौक; PEQ2GOL13404466, 13402949, 13475053, 13476626, 13621774, 13637543, 13646503, 13682621, 13807538. मनेन्द्रगढ - BGL; PV99GOL13412353, 13442867, 13446140, 13447166, 13529659, 13532911, 13547420, 13546518, 13608508, 13712709, 13775894, 13780733, 13826602, 13823405. (18-11-25) रायपुर – पियांक टावर; PEN5GOL13643879, 13720701, 13737466. (19-11-25) रायपुर - टेलीबांधा रोड; PF45GOL13403209, 13433720, 13431353, 13483662, 13493839, 13493313, 13510562, 13581519, 13593521, 13659473, 13685751, 13829058, 13826155. राजनंदगाँव–ग्रेट ईस्टर्न रोड; PEN6GOL13550112, 13605552, 13627234.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

**आधिपत्य सूचना**

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर**
Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम / कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्री मिश्रा धर्मेंद्र,** एमआईजी सी–/2330, वार्ड क्रमांक 16, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी/औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई दुर्ग–490026.<br>**श्रीमती मिश्रा किरण,** एमआईजी सी–/2330, वार्ड क्रमांक 16, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी/ औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई, दुर्ग–490026. | ₹ 15,63,575/- दिनांक 31 मार्च 23* तक | 16-मई-23* | 27-सित.-2025 (भौतिक कब्जा) | प्लॉट ईडब्ल्यूएस – 1265, मकान ईडब्ल्यूएस – 1265, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी/औद्योगिक क्षेत्र / भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) |
| 02. | **श्रीमती श्रीवास्तव वनिता,** प्लॉट–नंबर–04, यूनिट–ब्लॉक–14, जवाहर नगर हाउसिंग योजना भिलाई, नगर निगम भिलाई, दुर्ग, छ.ग. 490023.<br>**श्रीमती श्रीवास्तव वनिता,** 103 बी विंग, ब्लू एलिगेंस, सुंदर नगर, मलाड – मुंबई, पश्चिम – महाराष्ट्र,400064.<br>**श्रीमती श्रीवास्तव वनिता,** जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन, पेडर रोड, 5 ए, जिनादल मेंशन, डॉ. जी. देशमुख मार्ग, पेडर रोड, डॉ. गोपालराव देशमुख मार्ग, मुंबई, महाराष्ट्र 400026.<br>**श्रीमती श्रीवास्तव आशा,** 509, इस्कॉन वाटिका, राजनांदगांव – छत्तीसगढ़, 491441.<br>**श्रीमती श्रीवास्तव आशा,** प्लॉट–नंबर–04, यूनिट–ब्लॉक–14, जवाहर नगर हाउसिंग योजना भिलाई, नगर निगम भिलाई, दुर्ग, छ.ग. 490023.<br>**श्री श्रीवास्तव प्रशांत,** 00 इस्कॉन 2, पनेका, डोंगरगांव रोड, पनेका–राजनांदगांव, छ.ग., 491441.<br>**श्री श्रीवास्तव प्रशांत,** प्लॉट–नंबर–04, यूनिट–ब्लॉक–14, जवाहर नगर हाउसिंग योजना, भिलाई, नगर निगम भिलाई, दुर्ग, छ.ग. 490023. | ₹ 21,08,016/ - दिनांक 31 मई 25* तक | 24-जून-25* | 27-सित.-2025 (सांकेतिक कब्जा) | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की फ्रीहोल्ड आवासीय मकान, क्षेत्रफल – 135 वर्गमीटर, प्लॉट–नं.–04, यूनिट–ब्लॉक–14, जवाहर नगर आवास योजना, भिलाई नगर निगम, राम नगर, तहसील और जिला– दुर्ग, छत्तीसगढ़ **चौहद्दी**:–(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर – प्लॉट नं. 8 एवं प्लॉट नं. 9 का भाग, दक्षिण– प्लॉट नं. 03, पूर्व– प्लॉट नं. 11, पश्चिम– रोड। |
| 03. | **श्री सोंगेन सतीश कुमार,** फ्लैट–202, फ्लोर–1, प्रिंसेस पार्क, स.क्र., खसरा क्र., 101/4, 101/24, प.ह.नं. 36/24, ग्राम–कौरिनभाटा, रामकृष्ण सहदेव नगर, वार्ड क्रमांक 19, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441.<br>**श्री सोंगेन सतीश कुमार,** बसेरा प्लॉट नंबर 2, स्ट्रीट 1, मैत्रीकुंज, रिसाली, जिला दुर्ग, छ.ग., 490006.<br>**श्री सोंगेन सतीश कुमार,** एबिस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़, द्वारा–आई.बी. ग्रुप, इंदामारा, डीपीएस स्कूल के सामने, राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441.<br>**श्रीमती सोंगेन स्मिता,** बसेरा प्लॉट नंबर 2, स्ट्रीट 1, मैत्रीकुंज, रिसाली,जिला दुर्ग, छ.ग. 490006.<br>**श्रीमती सोंगेन स्मिता,** फ्लैट–202, फ्लोर–1, प्रिंसेस पार्क नं., खसरा नं. 101/4, 101/24, प.ह.नं. 36/24, ग्राम–कौरिनभाटा, रामकृष्ण सहदेव नगर, वार्ड क्रमांक 19, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441. | ₹ 8,78,970/- दिनांक 31 मई 25* तक | 24-जून-25* | 27-सित.-2025 (सांकेतिक कब्जा) | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का फ्लैट, क्षेत्रफल–68.25 वर्गमीटर, फ्लैट–202, मंजिल–1 'प्रिंसेस पार्क' स.क्र., खसरा नं. 101/4, 101/24 प.ह.नं. 36/24, रामकृष्ण सहदेव नगर, वार्ड नं. 19, ग्राम– कौरिनभाटा, राजनांदगांव, छ.ग.**चौहद्दी**:–(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर– खुला मार्ग और फ्लैट नं. 203, दक्षिण–खुली भूमि, पूर्व– फ्लैट नं. 201, पश्चिम– खुली भूमि। |
| 04. | **श्रीमती बेगम सहाना,** अब्बास ड्राई क्लीनर्स, शुद्ध मुनि बाबा मंदिर के पास, जबड़ापारा, सरकंडा, बिलासपुर, छ.ग. – 495001.<br>**श्री अब्बास मोहम्मद,** अब्बास ड्राई क्लीनर्स, शुद्ध मुनि बाबा मंदिर के पास, जबड़ापारा, सरकंडा, बिलासपुर, छ.ग. – 495001. | ₹ 28,45,779/- दिनांक 30 नवंबर 22* तक | 22-दिसंबर-2022* | 30-सित.-2025 (भौतिक कब्जा) | खसरा नंबर 1183, 1192, 1194 (भाग) नया खसरा नं. 1183/2, 1192/2 एवं 1194/2, प्लॉट नंबर 358/2, प.ह.नं. 20/32, मकान शीट नंबर 23/15 मौजा सरकंडा, जबड़ापारा, बिलासपुर |
| 05. | **श्रीमती चारु लता साहसी** पत्नि श्री कुमार अमर (मृतक पश्चात्) श्री कुमार अमर की कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी एवं उत्तराधिकारी द्वारा (मृतक पश्चात) सुरेश कुमार मिश्रा, गार्डन सिटी, प्लॉट संख्या–42, बिलासपुर–छ.ग., राजकिशोर नगर, बिलासपुर जिला – छत्तीसगढ़, पिन – 495001 – भारत।<br>**श्रीमती कौशल्या देवी गुप्ता** माता श्री कुमार अमर (मृतक पश्चात्) श्री कुमार अमर की कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी एवं नियोक्ता द्वारा (मृतक पश्चात्) सुरेश कुमार मिश्रा, गार्डन सिटी, प्लॉट संख्या–42, बिलासपुर–छ.ग., राजकिशोर नगर, बिलासपुर जिला – छत्तीसगढ़, पिन – 495001 – भारत। | ₹ 29,49,378/- दिनांक 31 मार्च 2024* तक | 29-अप्रैल-24* | 30-सित.-2025 (भौतिक कब्जा) | फ्लैट–ए–107,फ्लोर–1, विजय शिखर, स.क्र., खसरा नं. 23/1, प.ह.नं. 20/31, ग्राम – लिंगियाडीह, बिलासपुर, छ.ग. |
| 06. | **श्रीमती रजनी साओ** पत्नि श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) एवं अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी एवं नियोक्ता, फ्लैट–पी–302, मंजिल–3, दीनदयाल आवास योजना खमरिया, भिलाई, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्रीमती रजनी साओ** पत्नि श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) एवं अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और नियोक्ता, मकान नंबर 78, स्ट्रीट 3, शिक्षक नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्रीमती रजनी साओ** पत्नि श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) एवं अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साव राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) 2223, दुर्गा मंदिर के पास, कादंबरी नगर, दुर्ग, छ.ग.– 491001.<br>**श्री ऐश्वर्या साओ** पुत्र श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) एवं अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी एवं नियोक्ता, फ्लैट–पी–302, मंजिल–3, दीनदयाल आवास योजना, खमरिया, भिलाई, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्री ऐश्वर्या साओ** पुत्र श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और नियोक्ता, मकान संख्या 78, गली 3, शिक्षक नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्री ऐश्वर्या साओ** पुत्र श्री साओ राजेंद्र कुमार के पुत्र (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी श्री साव राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) 2223, दुर्गा मंदिर के पास, कादंबरी नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्री अनमोल साओ** पुत्र श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और नियोक्ता, फ्लैट–पी–302, मंजिल–3, दीनदयाल आवास योजना खमरिया, भिलाई, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्री अनमोल साओ,** श्री साओ राजेंद्र कुमार के पुत्र (मृतक पश्चात्) अन्य एवं और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी एवं नियोक्ता (मृतक पश्चात्) मकान नंबर 78, स्ट्रीट 3, शिक्षक नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्री अनमोल साओ** पुत्र श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और नियोक्ता, 2223, दुर्गा मंदिर के पास, कादंबरी नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. | ₹ 9,45,254/- दिनांक 31 मई 25* तक | 23-जून-24* | 27-सित.-2025 (सांकेतिक कब्जा) | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का आवासीय फ्लैट, क्षेत्रफल–54.83 वर्गमीटर, फ्लैट क्रमांक एलआईजी–पी–302, मंजिल–3, खसरा नं. 252, ग्राम–दीनदयाल आवास योजना, खमरिया, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड (संभाग–दुर्ग) नगर निगम भिलाई, जुनवानी वार्ड क्रमांक 01, तहसील एवं जिला–दुर्ग छत्तीसगढ़ में स्थित है। **चौहद्दी**:–(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर– सेवा क्षेत्र, दक्षिण– ब्लॉक पी, एलआईजी – 301, पूर्व– ब्लॉक पी, एलआईजी– 303, पश्चिम– सड़क की ओर। |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।

हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।

विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा।

उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

**स्थान–भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर**
**दिनांक : 01.10.2025**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए**
**वास्ते**
**प्राधिकृत अधिकारी**

**रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013**

# स्कूल से कटवा दिया बच्चों का नाम, एआई को बना दिया टीचर!

**लंदन।** न जाने कितने ही सालों से स्कूल का कॉन्सेप्ट समाज में रहा है। लोग बच्चों को स्कूल भेजते हैं जहां वो तालीम सीखते हैं। मगर जब से एआई का वर्चस्व बढ़ा है, तब से ही लोगों ने उसे स्कूल और टीचरों से भी ऊपर मान लिया है। एक पिता का भी ऐसा ही सोचना है। ब्रिटेन के इस सख्स ने अपने बच्चों का नाम स्कूल से कटवा लिया और उन्हें घर पर ही एआई की मदद से पढ़ा रहा है। ब्रिटेन के 44 वर्षीय डेल एलन का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उनके बच्चों को पारंपरिक शिक्षकों से कहीं बेहतर शिक्षा दे सकता है। हेल्थ एंड सेफ्टी एक्सपर्ट डेल अपनी पत्नी ज़रीना के साथ एक संयुक्त परिवार में रहते हैं और तीन बच्चों को घर पर पढ़ाते हैं। उनका कहना है कि भले ही होमस्कूलिंग आसान नहीं है, लेकिन बच्चों को नई तरह का लर्निंग वातावरण देना उनके लिए बेहद संतोषजनक है।

डेल का बड़ा बेटा ओलिवर जब मात्र छह साल का था, तब उसे स्कूल से निकालने का निर्णय लिया गया। वजह थी कि वह क्लास में ज़्यादा बोलने और शरारतों के चलते शिक्षकों की निगाह में आ गया था और उसे 'पॉड' नामक एक विशेष व्यवस्था में डाला गया था। डेल को यह अपमानजनक और बच्चे के आत्मविश्वास के लिए हानिकारक लगा। उन्होंने रिसर्च के बाद पाया कि यदि बच्चों के आत्मविश्वास पर शुरुआती उम्र में प्रहार किया जाए तो यह स्थायी रूप से कम हो सकता है। नतीजतन, उन्होंने अगले ही दिन बेटे को स्कूल से हटा लिया।



### बच्चों को दिलाना चाहते हैं अलग पहचान

डेल ने स्कूल प्रशासन को पत्र लिखकर स्पष्ट कर दिया कि उनका बेटा अब वापस नहीं आएगा। हालांकि, हेडटीचर ने इसे उनकी गलती बताया, लेकिन डेल का मानना था कि वह अपने बेटे को भीड़ में घुलने-मिलने के बजाय अलग पहचान दिलाना चाहते हैं। उनके मुताबिक, मेरे बच्चों की अपनी मज़बूत राय है और मैं नहीं चाहता कि स्कूलिंग उनकी स्वतंत्र सोच को दबा दे। दो साल बाद डेल ने अपने छोटे बेटे हैरी को भी होमस्कूलिंग में शामिल कर लिया। हालांकि, यह निर्णय कठिन था। क्योंकि, हैरी बहुत सामाजिक बच्चा था और नर्सरी में सबका प्रिय था। लेकिन, डेल को तब तक होमस्कूलिंग के फायदों का अहसास हो चुका था और बड़े बेटे के साथ रिश्ते मजबूत हो चुके थे।

### बच्चों को अब घर पर पढ़ाता है शख्स

आज डेल अपने बच्चों को न सिर्फ पारंपरिक विषयों में, बल्कि असली ज़िंदगी से जुड़े कौशल भी सिखाते हैं जैसे फाइनेंस, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, सॉफ्टवेयर डिज़ाइन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिज़नेस मैनेजमेंट. वह बच्चों के रुचियों के अनुसार पढ़ाने का तरीका बदलते रहते हैं। कभी उनका बेटा दुनिया की ऊंची इमारतों में दिलचस्पी लेता है, तो कभी बादलों के स्वरूप या आसमान में उड़ते विमानों के बारे में जानना चाहता है। इस साल डेल ने ज़रीना से शादी की, और उनकी बेटी केरी (9 वर्ष) भी इस 'होमस्कूलिंग क्लास'का हिस्सा बन गई। परिवार में अब हर बच्चा अपनी-अपनी रुचियों के अनुसार आगे बढ़ रहा है। जहां केरी कला में रुचि रखती हैं, वहीं ओलिवर को खेल पसंद है और डेल अक्सर उसके साथ गोल्फ खेलते हैं। आईटी क्षेत्र से जुड़े होने के कारण डेल को एआई की क्षमताओं का अंदाज़ा पहले ही था। उनका मानना है कि एआई बच्चों को हर विषय में जानकारी दे सकता है, जबकि शिक्षक केवल व्यवहार सुधारने तक सीमित हो जाएंगे। हालांकि, डेल खुद होमस्कूलिंग को बेहतर मानते हैं, लेकिन वह बच्चों पर कोई जबरदस्ती नहीं करना चाहते। यदि भविष्य में वे पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में वापस जाना चाहें, तो वे उन्हें पूरा सहयोग देंगे।

## जशपुर के हाड़ीकोना, जरहापाठ, बुर्जुपाठ और दौनापठा में रहती है जनजाति

**जशपुर जिले में एक अलग ही हैरान करने वाली परंपरा**

# छत्तीसगढ़ में आज भी महिषासुर के वंशज मौजूद जो दुर्गा मां की नहीं, असुर की करते हैं पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जशपुरनगर

पूरे भारत में सनातन को मनाने वाले नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा बड़ी धूमधाम से करते हैं लेकिन झारखंड सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक अलग हैरान करने वाली परंपरा का निर्वहन किया जाता है। यहां दुर्गा नहीं, बल्कि राक्षसराज महिषासुर का पूजा की जाती है। अपने को महिषासुर के वंशज बताने वाले असुर समुदाय के लोग महिषासुर को कोई असुर नहीं, बल्कि पूजनीय पूर्वज मानते हैं।

अलग खबर







जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड में विशेष संरक्षित जनजाति समुदाय जो खुद को राक्षसराज महिषासुर का वंशज बताते हैं। यहां महिषासुर की अनोखी ढंग से पूजा पाठ होती है। समुदाय के लोग महिषासुर की पूजा करते हैं और इसे अपने पूर्वज के प्रति श्रद्धांजलि मानते हैं। इतना ही नहीं इस समुदाय को लोग इस परंपरा को बड़े गर्व के साथ निभाते हैं। इस समुदाय के लोगों की जनजाति जशपुर के हाड़ीकोना, जरहापाठ, बुर्जुपाठ, और दौनापठा जैसे स्थानों पर निवास करती है। इस समुदाय के लोगों का मानना है कि महिषासुर का वध केवल एक छल था, जिसमें मां दुर्गा ने देवताओं के साथ मिलकर उनके पूर्वज की हत्या कर दी थी। इस जनजाति समुदाय के लोग नवरात्रि में दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल नहीं होते हैं। उनके अनुसार देवी की पूजा से दूरी बनाए रखते हैं, बल्कि महिषासुर को अपना आराध्य देव मानकर उसकी पूजा करते हैं। उनके लिए महिषासुर राजा है और उसकी मृत्यु पर खुशी मनाना उनके लिए कदाचित संभव नहीं है।

### बुनियादी सुविधाओं का है अभाव

इस समुदाय की जनजातियों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव का दंश आज भी झेलना पड़ रहा है। न ही पीने का शुद्ध पानी, न ही रहने के लिए घर, न बच्चों की पढ़ाई की सुविधा और न ही बीमारी में बेहतर स्वस्थ सुविधा उपलब्ध है।

### दीपावली, होली में करते है भैंसासुर की पूजा

इस समुदाय के लोग दिवाली और होली के दिन भैंसासुर की भी पूजा करते हैं। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि इस जनजाति के लोग नवरात्रि के दौरान किसी भी प्रकार के रीति-रिवाज या परंपरा का पालन नहीं करते हैं। वे अपने पूर्वजों की स्मृति में गहरे शोक में डूबे रहते हैं, जो उनके लिए एक महत्वपूर्ण भावना है। इन लोगों को अपने पूर्वज महिषासुर को लेकर काफी गर्व है और वह उसे अपनी सांस्कृतिक पहचान के रूप में मानते हैं।

# खबर प्रकाशन के बाद टीएल की बैठक में छाया रहा रिटायर्ड प्रधान पाठक के मजदूरी करने का मामला


25 हजार के लिए सात सालों से बीईओ कार्यालय में अटका पेंशन
गुजारे के लिए रिटायर्ड प्रधान पाठक को करनी पड़ रही मजदूरी
बेटों ने दी मात्र 50 डिसमिल जमीन
दिया है 10 दिन का समय
बीईओ कार्यालय में सभी दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अम्बिकापुर

जिला मुख्यालय सूरजपुर में गुजारे के लिए रिटायर्ड प्रधानपाठक के निर्माण कार्यों में मजदूरी करने का मुद्दा मंगलवार को पूरे दिन छाया रहा। समयसीमा की बैठक में भी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की मनमानी की काफी चर्चाएं हुई। मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला शिक्षा अधिकारी की जमकर क्लास ली।

शासन के कड़े निर्देशों के बावजूद अधिकारियों की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम इंदरपुर निवासी सुखलाल सिंह गोड़ आ.स्व.नानबुड़ा गोड़ को रिटायरमेंट के सालों गुजर जाने के बाद भी पेंशन स्वीकृत नहीं किया गया है। रिटायरमेंट पर मिली एकमुश्त राशि बेटों द्वारा हड़पने के बाद अपने गुजारे के लिए रिटायर्ड प्रधानपाठक को निर्माण कार्यों में मजदूरी करनी पड़ रही है।

हरिभूमि ने इस संबंध में मंगलवार के अंक में गुजारा के लिए रिटायर्ड प्रधानपाठक को निर्माण कार्यों में करनी पड़ रही मजदूरी शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर शिक्षक की पीड़ा एवं शिक्षा अधिकारी की मनमानी का मुद्दा सामने लाया था। खबर का प्रकाशन राज्य भर में होने के कारण आज पूरे दिन रिटायर्ड प्रधानपाठक का मुद्दा छाया रहा। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन ने समय सीमा की बैठक में इस संबंध में विस्तार से चर्चा की। जिला शिक्षा अधिकारी से रिटायर्ड प्रधानपाठक का पेंशन प्रकरण सात साल में स्वीकृत नहीं होने का कारण पूछा। स्थिति पर उन्होंने जमकर नाराजगी जताई तथा मामले में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### ना तो बीईओ कार्यालय जाऊंगा ना ही हस्ताक्षर करूंगा

इधर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने भी रिटायर्ड प्रधानपाठक के पेंशन प्रकरण को स्वीकृत करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। मंगलवार को सुबह बीईओ ने कुछ दस्तावेजों के साथ अपने कार्यालय के दो कर्मचारियों को रिटायर्ड प्रधान पाठक सुखलाल सिंह के घर भेजा था। कर्मचारियों ने उन्हें बीईओ का संदेश बता साथ में विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय चलने को कहा। कर्मचारियों की बात सुन सुखलाल सिंह ने कहा कि अब मैं पेंशन को भूल गया हूं तथा न तो अब कभी बीईओ कार्यालय जाऊंगा न ही किसी कागज पर हस्ताक्षर करूंगा। कर्मचारियों ने कुछ पन्नों पर सुखलाल को हस्ताक्षर करने को कहा लेकिन उन्होंने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया जिसके बाद कर्मचारी बैरंग वापस लौट गए।






# ऑपरेशन में युवक के पेट से निकली 29 चम्मच, 19 टूथब्रश और दो पेन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां देवनंदनी अस्पताल में डॉक्टरों ने एक मरीज के पेट से 29 स्टील की चम्मच, 19 टूथब्रश और दो नोकदार पेन निकाले। ऑपरेशन के दौरान जब डॉक्टरों की टीम ने यह सामान बाहर निकाला तो वे भी दंग रह गए। जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर निवासी 40 वर्षीय सचिन नाम का युवक नशे का आदी था। बताया जाता है कि नशा मुक्ति केन्द्र में खाना खाने के दौरान सचिन स्टील की चम्मच निगल जाता था। टूथपेस्ट लगाने के समय वह टूथब्रश निगल लेता और मौके मिलते ही केन्द्र से पेन भी गटक जाता। धीरे-धीरे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और पेट में असहनीय दर्द शुरू हो गया।

### अल्ट्रासाउंड में खुली सच्चाई

सचिन की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे हापुड़ के देवनंदनी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां अल्ट्रासाउंड जांच के दौरान डॉक्टरों को पेट में मेटलिक और संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं। इसके बाद डॉक्टर श्याम कुमार और उनकी टीम ने बिना देर किए युवक का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान जब पेट से 29 चम्मच, 19 टूथब्रश और दो पेन निकले तो पूरा स्टाफ हैरान रह गया।

### डॉक्टरों ने बताया मानसिक समस्या

डॉक्टर श्याम कुमार के मुताबिक, यह एक तरह की मानसिक बीमारी है, जिसमें मरीज बिना सोचे-समझे अजीब चीजें निगल लेता है। इसे साइकोलॉजिकल डिसऑर्डर कहा जाता है। समय रहते ऑपरेशन करने से युवक की जान बच गई। फिलहाल, सचिन की हालत खतरे से बाहर है और परिवार ने राहत की सांस ली है।

**नई दिल्ली।** भारत में कई तरह की सब्जियां पैदा होती है। लोग फ्रेश सब्जियां खाना पसंद करते हैं। अगर सब्जियां सुख जाते हैं तो उन्हें फेंक दिया जाता है। लेकिन, विदेशों में ऐसा नहीं होता।






### जो करता था प्यार और दुलार, उसी मालिक को कच्चा चबा गया बाघ

न्यूयार्क। अमेरिका के ओकाहोमा से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। यहां ग्रोलर पाइन्स टाइगर प्रिजर्व में एक ऐसी घटना हुई जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। रेयान इज्ली नाम के शख्स, जिन्हें लोग टाइगर किंग के नाम से भी जानते थे पर उनके ही पालतू बाघ ने हमला कर दिया। वे मशहूर टाइगर हैंडलर थे और आधा दर्जन से ज्यादा बाघों की देखभाल करते थे। रेयान का सपना था यह दिखाना कि जंगली जानवर भी इंसानों के साथ दोस्ताना व्यवहार कर सकते हैं, अगर उन्हें सही तरीके से प्रशिक्षित किया जाए। लेकिन यही भरोसा उनके लिए सबसे बड़ी गलती साबित हुआ। जब अचानक उनके ही बाघ ने उन पर हमला कर दिया। यह हमला इतना तेज और खतरनाक था कि रेयान की जान चली गई।

प्रिजर्व की ओर से बयान आया कि यह बेहद दुखद घटना है। उनका कहना था कि रेयान अपने काम के खतरों को अच्छी तरह जानते थे और जानवरों से उन्हें बहुत प्यार था। उनकी मौत किसी लापरवाही की वजह से नहीं हुई, बल्कि जंगली जानवर के स्वभाव के कारण हुई। इस हादसे के बाद फिलहाल टाइगर प्रिजर्व को बंद कर दिया गया है।। यह मामला उन सभी लोगों के लिए चेतावनी है। जो शौक के लिए जंगली जानवर पालते हैं। चाहे इंसान और जानवर के बीच कितनी भी नजदीकी क्यों न हो, जंगली जानवर हमेशा खतरनाक ही रहते हैं। उनका स्वभाव कभी भी बदल सकता है। और वे किसी भी पल हमला कर सकते हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com